*
ओड़िशा संस्करण

04 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 163

25 नेता भाजपा में शामिल हुए, 23 को तत्काल राहत मिल गयी: चंपाई सोरेन





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 65,500 रु./10 ग्राम
चांदी 82,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में हिलोरें मारने लगीं नेताओं की महत्वाकांक्षाएं

## ■ पाला बदलने का एकमात्र मकसद हो गया है टिकट हथियाना

## ■ उम्र के इस पड़ाव पर चुनावी मुकाबले में उतरने के लिए उतावले क्यों हैं ये नेता

**लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में महत्वाकांक्षी नेताओं की असलियत भी सामने आने लगी है। इस महत्वाकांक्षा का नाम है सांसद बनना। और इसके लिए जरूरी है एक अदद टिकट। इस महत्वाकांक्षा के वशीभूत होकर युवा तो युवा, बुजुर्ग नेता भी पाला बदलने के लिए दलीय निष्ठा, उज्ज्वल अतीत और अपनी छवि को भी दांव पर लगाने को तैयार हैं। हम बात कर रहे हैं रामटहल चौधरी, गिरिनाथ सिंह और रवींद्र पांडेय सरीखे नेताओं की, जिन्होंने बस एक टिकट के लिए अपने पुराने दल को अलविदा कह दिया। रामटहल चौधरी पांच बार रांची के सांसद रह चुके हैं और इस बार वह चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गये। इसी तरह रवींद्र कुमार पांडेय हैं, जो पांच बार भाजपा के टिकट पर गिरिडीह के सांसद रह चुके हैं। वह भी टिकट की आस में कांग्रेस में लाइन लगाये हुए हैं। गिरिनाथ सिंह राजद के कद्दावर नेता और विधायक रहे हैं। पिछली बार टिकट की आस में वह भाजपा में चले गये, लेकिन टिकट नहीं मिला। इस बार उनकी महत्वाकांक्षा ने एक बार फिर उफान मारी और वह राजद में आ गये हैं, ताकि लोकसभा चुनाव लड़ने का मौका मिल सके। इन सभी नेताओं में एक बात आम है और वह है कि इन्होंने राजनीति की मलाईदार नदी में खूब गोते लगाये हैं और अब उम्रदराज हो गये हैं। एक और बात इनके साथ है और वह यह है कि ये सभी केवल चुनावी मौसम में ही सक्रिय होते हैं। इसके बावजूद इनकी चुनावी महत्वाकांक्षा कहीं से कम नहीं हुई है। क्या है इन नेताओं के पाला बदलने का खेल और इस महत्वाकांक्षा का असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र चुनावी बुखार में तप रहा है। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और इसके साथ ही सियासी जोड़-तोड़ भी चरम पर है। अपना झारखंड भी इससे अछूता नहीं है। चुनाव के इस मौसम में नेताओं की महत्वाकांक्षाएं भी आसमान छूने को बेताब नजर आ रही हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि यह केवल चुनाव का पर्व नहीं, दल-बदल का पर्व भी है। करवट लेने की तरह रातों-रात लोगों की निष्ठाएं भी बदल जा रही हैं। इससे भी झारखंड अछूता नहीं है और यहां भी पाला बदलने का सिलसिला तेज है। झारखंड पाला बदलने के खेल में इसलिए विशिष्ट है, क्योंकि यहां तो राजनीति में हाशिये पर जा चुके नेता भी टिकट हासिल करने के लिए दलीय निष्ठा को तिलांजलि दे रहे हैं।

### गीता कोड़ा के साथ शुरू हुआ दल-बदल का खेल

पिछले महीने झारखंड में कांग्रेस के टिकट पर जीती सांसद गीता कोड़ा के कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से शुरू हुई इस कड़ी में निरंतर नये नाम जुड़ रहे हैं। उनके बाद भाजपा के विधायक जयप्रकाश भाई पटेल पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो गये और हजारीबाग संसदीय सीट से टिकट हासिल करने में सफल हो गये। उनके बाद शिबू सोरेन की बड़ी बहू विधायक सीता सोरेन ने झामुमो छोड़ कर भाजपा का दामन थाम लिया और उन्हें भी दुमका से पार्टी का टिकट मिल गया। लेकिन पाला बदलने वाले इन नेताओं में एक खास बात यह है कि ये सभी अपेक्षाकृत युवा हैं।

### बुजुर्ग नेताओं के पाला बदलने का खेल

अब बात करते हैं झारखंड के बुजुर्ग नेताओं के पाला बदलने की। इसमें पहला नाम जुड़ा रामटहल चौधरी का, जो पांच बार भाजपा के टिकट पर रांची से सांसद रह चुके हैं। पिछली बार उन्हें भाजपा ने टिकट नहीं दिया, तो वह निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतरे और उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। करीब 81 साल के हो चुके रामटहल चौधरी ने इस बार चुनाव लड़ने के लिए करीब








चार दशक की अपनी दलीय निष्ठा बदल ली और कांग्रेस में शामिल हो गये। 81 साल की उम्र में उन्हें पता चला कि भाजपा न्याय नहीं कर रही है। सभी को साथ लेकर नहीं चल रही है। उन्हें राजीव गांधी की अदा भा गयी और भाजपा के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार कर वह दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की ठान ली। अब ऐसी चर्चा है कि उन्हें रांची से कांग्रेस का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। अब जो नयी सूचना आ रही है, उसके अनुसार उनकी उम्मीदवारी पर भी सशंय के बादल मंडराने लगे हैं, क्योंकि कांग्रेस का एक खेमा अभी भी उनको उम्मीदवार स्वीकार करने को तैयार नहीं है। उसे खेमे का कहना है कि कांग्रेस के साथ हर बुरे समय में वे रहे और जब टिकट देने की बात हो रही है, तो कोई दूसरा आ जाये, यह हमें स्वीकार नहीं। इस तरह कांग्रेस के बूते छठी बार संसद पहुंचने का रामटहल चौधरी के सपने पर अभी से ही ग्रहण लगता दिखने लगा है। सबसे खास बात यह है कि इतने सालों तक जिस कांग्रेस को वह पानी पीकर कोसते थे, जिन मुसलमानों को वह हर बात पर ललकारते थे, मुसलमान और इसाई मतदाता उन्हें फूटी आंख भी नहीं सुहाते थे, आज कांग्रेस में जाकर उन्होंने न केवल अपनी दलीय निष्ठा बदली है, बल्कि अतीत में अर्जित प्रतिष्ठा और निजी छवि को भी दागदार बना लिया है।

कुछ ऐसा ही हाल गिरिडीह के सांसद रहे रविंद्र कुमार पांडेय का भी है। पिछली बार भाजपा ने गिरिडीह सीट आजसू को दे दी, तो पांडेय मन मसोस कर रह गये। पांच साल तक चुप्पी साधे रखनेवाले 64 वर्षीय रवींद्र पांडेय की चुनावी महत्वाकांक्षा ने इस बार उन्हें कांग्रेस की चौखट पर लाकर खड़ा कर दिया है। वह धनबाद से चुनावी मुकाबले में उतरने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि रवींद्र पांडेय 1999 में जब भाजपा के टिकट पर पहली बार सांसद बने थे, तो लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ था, क्योंकि उनके पिता कृष्ण मुरारी पांडेय पुराने कांग्रेसी थे और खुद रवींद्र पांडेय भी कांग्रेस का टिकट लेने के लिए कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू के साथ दिल्ली गये थे, लेकिन किसी तरह भाजपा का टिकट उन्हें मिल गया था।

इसी तरह गिरिनाथ सिंह भी भाजपा छोड़ कर राजद में शामिल हो गये हैं। चर्चा है कि उन्हें चतरा संसदीय सीट से पार्टी का टिकट दिया जा सकता है। गिरिनाथ सिंह राजद के संस्थापक सदस्यों में थे, लेकिन 2019 में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले वह टिकट पाने की उम्मीद में अन्नपूर्णा देवी के साथ भाजपा में शामिल हो गये थे। संयोग से उन्हें टिकट नहीं मिला और वह राजनीतिक रूप से हाशिये पर चले गये। अब अचानक वह भाजपा को छोड़ कर राजद में लौट आये हैं। उनकी घर वापसी का एक ही उद्देश्य है और वह है टिकट हासिल कर चुनावी मुकाबले में उतरना। गिरिनाथ सिंह चार बार विधायक रह चुके हैं और उन्हें बिहार-झारखंड में कई बार मंत्री भी बनाया गया। उन्हें राजद का प्रदेश अध्यक्ष भी बनाया गया था। गिरिनाथ सिंह यह आस जताये हुए हैं कि चतरा के मतदाता उन्हें रातोंरात अपने सिर आंखों बैठा लेंगे और वह संसद की देहरी लांघ जायेंगे। टिकट भी वह वहां से चाह रहे हैं, जो कभी उनकी कर्मभूमि नहीं रही। चतरा में इन दिनों बाहरी और स्थानीय की जंग छिड़ी हुई है। इसी जंग में सुनील सिंह को भाजपा के टिकट से बेदखल होना पड़ा। दूसरा कारण क्षेत्र में उनकी अनुपस्थिति रही। ऐसे में चतरा के मतदाता गिरिनाथ सिंह को कैसे गले लगा लेंगे, यह समय ही बतायेगा।

### क्या हासिल होगा इन नेताओं को

यहां बड़ा सवाल यह है कि यदि दल-बदल करनेवाले ये नेता किसी तरह चुनाव जीत भी गये, तो ये अपने क्षेत्र के लिए क्या कर सकेंगे। आक्रामक राजनीति के इस दौर में इन बुजुर्ग नेताओं के पास न शारीरिक क्षमता है और न सड़क पर उतर कर आंदोलन करने की वह क्षमता, जो जनता की समस्याओं के निदान के लिए जरूरी होती है। क्योंकि ये सभी अपने सांसद-विधायक के कार्यकाल में हाथ उठानेवाले ही थे। इतना ही नहीं, लोग तो यह भी पूछ रहे हैं कि आखिर इतने साल तक राजनीति की मलाईदार नदी में गोता लगाने के बाद ये नेता यदि अपनी महत्वाकांक्षा के लिए दलीय निष्ठा और अर्जित प्रतिष्ठा को दांव पर लगा सकते हैं, तो फिर इनके लिए अपने क्षेत्र का विकास भी बस खानापूर्ति ही होगी। सवाल तो उन पार्टियों से भी हो सकता है कि आखिर उसने ऐसे नेताओं को अपने खेमे में शामिल कर क्या हासिल किया है। इनकी जगह पर किसी युवा नेता को उम्मीदवार को आगे बढ़ाया जा सकता था, जिन्होंने तमाम विपरीत परिस्थितियों में पुलिस के लाठी डंडे खाये हैं, कइयों ने जेल की हवा भी खायी है। जो आज भी जनता के सुख-दुख में हर समय उसके साथ हैं। उन्होंने पूरी जवानी पार्टी को दी है। चाहते तो वह भी नौकरी कर सकते थे, रिटायरमेंट लेकर पेंशन पा सकते थे, लेकिन पार्टी को स्थापित करने की खातिर उन्होंने जोश और जुनून में अपने भविष्य को दांव पर लगाया। दूसरी तरफ अपनी उम्र में सत्तर वसंत देख चुके और सरकारी पेंशन पा रहे नेता हैं कि वे इन युवाओं को जगह ही देना नहीं चाहते। आखिर कब तक ऐसा होता रहेगा। यह सवाल नेताओं से और दलों से भी। उन्हें साफ करना चाहिए कि दल में आखिर कोई झंडा क्यों ढोये, जब ऊपर-ऊपर ही टिकट बांट दिया जा रहा है। जाहिर है, इस सवाल का जवाब इतना आसान भी नहीं है।

---

# सभी 14 सीटें जीतने में ओबीसी समाज का रहेगा महत्वपूर्ण योगदान : बाबूलाल

**ओबीसी मोर्चा 14 लोकसभा क्षेत्रों में 400 सामाजिक सम्मेलन करेगा : डॉ अमरदीप यादव**

**ओबीसी मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक सह सोशल मीडिया कार्यशाला**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची प्रदेश कार्यालय में ओबीसी मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक सह सोशल मीडिया कार्यशाला मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है। भाजपा की करनी और कथनी में कोई अंतर नहीं है। नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार ने देश का चहुंमुखी विकास किया है, लोकसभा चुनाव में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड में ओबीसी समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया है। जिससे पिछड़ा वर्ग में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। ओबीसी समाज पीएम मोदी को धन्यवाद के साथ लोकसभा चुनाव में सभी 14 सीटें एनडीए गठबंधन की झोली में डालने का मन बना लिया है।

बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनाव से ही जेएमएम, कांग्रेस, राजद के इस ठगबंधन सरकार को मुक्त कर देना है। वर्तमान राज्य सरकार झारखंड राज्य को 20 साल पीछे धकेल दिया है। हर ओर भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार दिखायी देता है, जनता इनके कारनामों से त्रस्त है। अबकी बार 400 पार का आंकड़ा भाजपा व एनडीए गठबंधन भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं की बदौलत हासिल करेगा।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह का चुनाव के दृष्टिकोण से कार्यकर्ताओं को विशेष मार्गदर्शन मिला। उन्होंने चुनाव जीतने के कुछ मूलमंत्र भी सभी ओबीसी मोर्चा के दायित्ववान कार्यकर्ताओं को दिया। सभी लोगों को अपने शक्ति केंद्रों और अपने बूथ को सबसे मजबूत बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सभी नेता अपने-अपने बूथ में 370 मत से ज्यादा प्राप्त करने का प्रयास करें।

राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री प्रो आदित्य साहू ने भी उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती से कार्य करने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने प्रदेश के भाजपा ओबीसी मोर्चा के तरफ से भरोसा दिलाया कि राज्य की 14 में से 14 लोकसभा सीट भाजपा और एनडीए गठबंधन को जिताने के लिए कमर कस लिया है। मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रत्येक विधानसभा में 5 सामाजिक सम्मेलन और युवा संवाद और छात्रावास जनसंपर्क करायेगी। कुल 400 सम्मेलन कराया जायेगा। अभी तक लगभग 38 कार्यक्रम हो चुका है। इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री कृष्णा महतो, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य देवनारायण प्रजापति उपस्थित हुए।

बैठक में झारखंड प्रदेश पदाधिकारी, प्रमंडल प्रभारी, लोकसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, जिला महामंत्री मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री हलधर नारायण शाह और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री चौधरी महतो ने किया।

---

देवघर एसपी के तबादला आदेश पर भड़के सुप्रियो भट्टाचार्य, कहा-

# अब चुनाव आयोग के प्रवक्ता बन गये हैं निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग की ओर से बीते मंगलवार को देवघर एसएसपी को हटाने के आदेश पर जेएमएम ने इसीआइ पर सवाल खड़े किये हैं। जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे को निर्वाचन आयोग का प्रवक्ता बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने देवघर के एसपी को बदलने का निर्देश भेजा। देवघर के कुछ फर्जी मामले में शिवदत्त शर्मा ने जसीडीह थाने में सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ कई गंभीर आरोप में एफआइआर दर्ज करायी है। क्या एसपी को हटा




कर जांच बंद करायी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक एक पद है, जो जिले में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बनाये रखने का काम करता है। कोई घोषित उम्मीदवार या किसी अधिकारी के खिलाफ शिकायत करता है, तो उसे सीधे हटा दिया जा रहा है।

### अब चुनाव आयोग की साख पर सवाल

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब इडी और सीबीआइ की कार्रवाई चल रही थी तो निशिकांत दुबे प्रवक्ता बनते फिरते थे। अब चुनाव आयोग के भी प्रवक्ता बन गये हैं। राज्य में चुनाव कैसे हो, जिसको लेकर जेएमएम से चुनाव आयोग ने राय तक नहीं ली। देश के सभी राज्यों में चुनाव आयोग की टीम गयी, लेकिन झारखंड को छोड़ दिया गया। हमें चुनाव आयोग से बात करने के लिए मिलता, तो हम भी राज्य की वस्तु स्थिति से अवगत कराते। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

---

# इवीएम और चुनाव आयोग के घोषित परिणाम पर ही झामुमो को सत्तासुख : अरुण उरांव

**इंडी ठगबंधन संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ कर रहा दुष्प्रचार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव ने झामुमो पर पलटवार किया है। बुधवार को कहा कि इवीएम और चुनाव आयोग के घोषित परिणाम पर ही झामुमो को सत्तासुख मिला है। इंडी ठगबंधन संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर रहा है। देश में चुनाव आयोग के निर्देश पर अब तक पांच राज्यों के आठ डीएम और 12 एसपी बदले गये, जिसमे देवघर के



एसपी भी शामिल हैं। लेकिन झामुमो का बौखलाहट यह बता रहा कि देवघर एसपी राज्य के पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि झामुमो के कार्यकर्ता हैं। झामुमो अपनी हार की छाया से ही डर गया है। अभी तो हार का सामना करना बाकी है। कहा कि चुनाव आयोग एक निष्पक्ष संवैधानिक संस्था है, जो देश में निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन झामुमो अपने आप को इन सभी से ऊपर मानता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के ट्रांसफर का अधिकार आयोग को है।

### झामुमो चौतरफा संकट से घिरा

अरुण उरांव ने कहा कि दरअसल झामुमो चौतरफा संकट से घिरा है। जनता का विश्वास उनकी पार्टी से उठ चुका है। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई ने उन्हें डरा दिया है। इंडी ठगबंधन अपनी अंतिम सांसें झारखंड में गिन रहा है।

---

# प्रचार नहीं करूंगा, सीधा लेने जाऊंगा रिजल्ट : निशिकांत दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर काफी कांफिडेंट नजर आ रहे हैं। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि वह इस बार चुनाव प्रचार करने के लिए मैदान में नहीं उतरेंगे, बल्कि उस समय वह क्रिकेट खेलेंगे या चाय पीते नजर आयेंगे। बीजेपी प्रत्याशी निशिकांत दुबे का कहना है कि उनके खिलाफ विपक्ष के पास कोई दमदार नेता नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर जेएमएम कोई प्रत्याशी देगा, तो वह चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। यह भी कहा है कि कांग्रेस अगर प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाती है, तब भी वह प्रचार करने नहीं जायेंगे, बल्कि सीधा



परिणाम लेने जायेंगे।

**चुनाव प्रचार नहीं करूंगा :** निशिकांत दुबे ने दुमका में कहा कि मैं घोषणा करता हूं कि अगर मेरे खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा उम्मीदवार देता है, तो मैं प्रचार नहीं करूंगा, बल्कि नॉमिनेशन करने के बाद सीधा रिजल्ट लेने जाऊंगा। सांसद ने कहा कि अगर मेरे सामने प्रदीप यादव होंगे, तो मैं अपनी जीत के लिए काफी आश्वस्त हूं। मुझे चुनाव प्रचार की जरूरत नहीं पड़ेगी। मैं कई बार प्रदीप यादव को हरा चुका हूं। फिर हराने के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं है।

### सीता सोरेन की टक्कर का कोई नहीं

दुमका लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के बारे में निशिकांत दुबे ने कहा कि उनके खिलाफ तो झारखंड मुक्ति मोर्चा में कोई प्रत्याशी ही नहीं है। जहां तक मुझे पता है स्टीफन मरांडी और नलिन सोरेन ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। हेमंत सोरेन के भी नहीं लड़ने की बात उनकी ही पार्टी के नेता कर रहे हैं। कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा से उपचुनाव लड़ेंगी। ऐसे में कोई उम्मीदवार नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन के सामने जो भी प्रत्याशी खड़े होंगे, उनकी जमानत जब्त हो जायेगी।

www.epaper.azadsipahi.in

04 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 163







**संदर्भः अवैध जमीन कब्जाने, रंगदारी और बालू की तस्करी**

# योगेंद्र साव से इडी ने की पूछताछ, आज अंबा की बारी

- कई सवालों में उलझे पूर्व विधायक
- पिता के लिए खाना लेकर पहुंची अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता और झारखंड के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव बुधवार को रांची के प्रवर्तन निदेशालय (इडी) कार्यालय में हाजिर हुए। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव के द्वारा अवैध तरीके से जमीन कब्जाने, रंगदारी और बालू की तस्करी से जुड़े मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बीते महीने कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद योगेंद्र और अंबा को पूछताछ के लिए समन भेजा गया था। इसी मामले में योगेंद्र साव बुधवार को इडी कार्यालय में हाजिर हुए। अंबा प्रसाद को गुरुवार को पूछताछ के लिए इडी के सामने पेश होना है। इडी जब योगेंद्र साव से पूछताछ कर रही थी, उस दौरान अंबा प्रसाद पिता योगेंद्र साव के लिए खाना लेकर इडी कार्यालय पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से अपने परिवार पर लगे आरोप को झूठा करार दिया और इडी को पूरी तरह से मदद करने की बात कही।

गौरतलब है कि इडी ने अंबा प्रसाद और उनके करीबियों पर 12 मार्च को छापा मारा था। छापेमारी के दौरान इडी को विभिन्न ठिकानों से कुल 30 लाख रुपये बरामद हुए थे। इसमें से 15 लाख रुपये गोविंदपुर (धनबाद) के सीओ शशि भूषण के घर से मिले थे। वहीं, 11 लाख रुपये योगेंद्र साव के साले मुकेश साव के घर से बरामद किये गये थे।

सूत्रों के मुताबिक इडी ने छापेमारी के दौरान कागजात, इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल आदि जब्त किया था। इसमें योगंद्र साव और अंबा प्रसाद की संलिप्तता की जानकारी मिली थी। इडी के अधिकारियों ने योगेंद्र साव से पूछताछ के लिए पहले से सवाल तैयार कर रखे थे। योगेंद्र साव ने कुछ सवालों पर चुप्पी साध ली, तो कुछ के जवाब से इडी के अधिकारी सतुष्ट नहीं हुए। इडी ने उनका बयान दर्ज कर लिया है। अब गुरुवार को विधायक अंबा प्रसाद और शुक्रवार को भाई अंकित से भी इडी के अधिकारी पूछताछ करेंगे।



### बड़ी साजिश रची गयी है: अंबा प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। विधायक अंबा प्रसाद बुधवार दोपहर इडी दफ्तर पहुंचीं। वह अपने पिता योगेंद्र साव के लिए खाना और दवा लेकर आयीं थीं। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे परिवार को बेवजह परेशान किया जा रहा है। माता-पिता पहले ही सात साल जेल में बीता चुके हैं। बहुत बड़ी साजिश रची गयी है। अंबा ने कहा कि जमीन कब्जे का जो आरोप है, वह पूरी तरह गलत है। हम कहीं से भी इसमें शामिल नहीं हैं। अगर जमीन कब्जा का मामला होता, तो पुलिस थाने में एफआइआर होती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वहीं उन्होंने कहा कि इससे बड़ीबड़ी विपत्ति देखी है, इसका भी सामना करेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह और उनका परिवार इडी को जांच में हरसंभव सहयोग कर रहा है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी रिमांड पर फैसला सुरक्षित

**इडी ने हाइकोर्ट से कहा अंधेरे में तीर नहीं चलाया, पर्याप्त सबूत हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर बुधवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले को सुरक्षित रख लिया है। केजरीवाल ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की थी। इसके बाद हाइकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से जवाब मांगा था। इडी ने मंगलवार को अपना जवाब पेश किया था।

**केजरीवाल की ओर से सिंघवी ने रखा पक्षः** केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के खिलाफ पीएमएलए की धारा 50 के तहत कोई सबूत नहीं है। इडी ने पहला समन 30 अक्टूबर 2023 को भेजा है और 9वां समन 16 मार्च 2024 को भेजा गया। पहले और आखिरी समन के बीच छह महीने बीत गये। बिना किसी सबूत के केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार करने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है।



पहला वोट डाले जाने से पहले ही केजरीवाल और उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश है। इडी के पास कोई सबूत नहीं है, सिर्फ सरकारी गवाहों के बयान के आधार पर गिरफ्तार किया गया। रेड्डी को 10 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने नौ बयान दिये। उनमें से सात बयान गिरफ्तारी से पहले और दो बयान गिरफ्तारी के बाद। ये हास्यास्पद है। जांच करनेवाले कह रहे हैं कि जब तक आप केजरीवाल के खिलाफ बयान नहीं देंगे, हम बयान दर्ज करते रहेंगे।

**इडी ने किया जमानत याचिका का विरोधः** इडी ने केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मामले में जांच शुरुआती चरण में है। जहां तक केजरीवाल का सवाल है, जांच खत्म नहीं हुई है। इडी की तरफ से पेश हुए एएसजी राजू ने कहा कि मनी लांड्रिंग का जो अपराध हुआ है, वह स्पष्ट और संदेह से परे है। अदालत ने पूर्व में दायर अभियोजन शिकायतों पर संज्ञान लिया है। संज्ञान अपराध का है, अपराधी का नहीं। दिल्ली हाइकोर्ट में इडी की ओर से पेश एएसजी एसपी राजू ने जवाब दाखिल करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के वेंडरों को मोटी रकम नगदी के रूप में दी गयी। इसलिए किसी भी एकाउंट में इसकी जानकारी नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से दी गयी दलीलें इस तरह से दी गयी हैं, जैसे कि यह जमानत याचिका है न कि गिरफ्तारी को रद्द करने की याचिका है।

### संजय सिंह दिल्ली-एनसीआर छोड़ कर नहीं जा सकते

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट से बेल ऑर्डर राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंच गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जमानत की शर्तें तय कीं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आप सांसद संजय सिंह को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि संजय सिंह सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं करेंगे। वह दिल्ली-एनसीआर छोड़ कर नहीं जायेंगे और शराब घाटाला मामले में कोई बयान या टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

## न्यूज रील्स

### वीवीपैट मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट इवीएम के साथ वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एडीआर की तरफ से दायर की गयी याचिका अगले हफ्ते के लिए सूचीबद्ध की जायेगी।

### बॉक्सर विजेंदर सिंह भाजपा में शामिल

चंडीगढ़। हरियाणा के भिवानी में रहने वाले ओलिंपियन बॉक्सर विजेंदर सिंह बुधवार को कांग्रेस को छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गये। उन्होंने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। विजेंदर 2019 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें साउथ दिल्ली से लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया था, लेकिन वे हार गये थे।

### कश्मीर की तीनों सीटों पर चुनाव लड़ेगी पीडीपी

कश्मीर। इंडी गठबंधन में शामिल महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशी उतारने का फैसला किया है। गठबंधन में शामिल मुफ्ती की पीडीपी और उमर अब्दुल्ला की एनसी एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेगी।

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी को कैंसर

पटना। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी कैंसर से लड़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बुधवार को उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि पिछले 6 महीने से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। प्रधानमंत्री को सब कुछ बता दिया है।

**मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया गंभीर आरोप**

# 25 नेता भाजपा में शामिल हुए, 23 को तत्काल राहत मिल गयी: चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि विभिन्न तरह के आरोपों और कोर्ट का सामना कर रहे 25 नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली और फिर इनको राहत पहुंचाने की कोशिश की गयी या पहुंचा दी गयी। उन्होंने कहा, 25 में से 23 नेताओं को तो तत्काल राहत मिल गयी। चंपाई सोरेन ने एक रपट का हवाला देते हुए ये बात कही। चंपाई सोरेन ने इस बाबत आगे कहा, वाकई, यह कमाल की वाशिंग मशीन है। इसने भ्रष्टाचार के आरोपों एवं पापों को धोने में गंगा मइया को भी पीछे छोड़ दिया है।

**किस दल के कितने नेता भाजपा में गये :** 2014 के बाद से भ्रष्टाचार के लिए केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का सामना करने वाले 25



प्रमुख राजनेता भाजपा में शामिल हो गये हैं। इन नेताओ में लगभग सभी प्रमुख दलों के नेता हैं। चंपाई सोरेन ने अखबार में छपी खबर का हवाला दिया है। कहा है कि इन आरोपी नेताओं में से 10 कांग्रेस से हैं। राकांपा और शिवसेना से चार-चार नेता हैं। टीएमसी से तीन नेता हैं। साथ ही टीडीपी से दो और एसपी और वाइएस आरसीपी से एक-एक नेता हैं। इनमें से 23 को तत्काल राहत मिल गयी है।

**आम्रपाली परियोजनाः सीबीआइ की दूसरी बड़ी कार्रवाई**

# डिस्पैच अधिकारी समेत एक गिरफ्तार

**रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गरिफ्तार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड में संचालित सीसीएल की आम्रपाली परियोजना में सीबीआइ की टीम ने 15 दिनों के भीतर दूसरी बार बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआइ की टीम ने बुधवार को परियोजना के डिस्पैच पदाधिकारी सुधांशु शर्मा सहित एक व्यक्ति को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार डिस्पैच पदाधिकारी को एक लिफ्टर से रिश्वत ले रहा था। हालांकि इसकी अभी अधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीबीआइ को सुधांशु के खिलाफ पहले ही शिकायत मिली थी। बुधवार को सीबीआइ की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछा लिया था। जैसे ही शिकायतकर्ता ने रिश्वत अरोपी को दिया, उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि रिश्वत की रकम कितनी थी इसकी खबर लिखे जाने तक पुष्टि नहीं हो पायी थी। गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने न्यू जीएम ऑफिस परिसर में घंटों पूछताछ की। इस दौरान परियोजना के महाप्रबंधक से भी पूछताछ हुई। उधर, सीबीआइ द्वारा सुधांशु के बचरा स्थित आवास पर भी छापेमारी की सूचना है। गौरतलब है कि 15 दिन पहले सीबीआइ ने परियोजना कार्यालय के ओवरसियर रामभज्जु और उसके सहयोगी अशोक राम को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था।

# भाजपा ने आतिशी को भेजा मानहानि का नोटिस

**कहा, भाजपा में शामिल होने के ऑफर का सबूत दें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्हें कहा गया है कि भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक करियर बचा लो, अन्यथा महीने भर में इडी गिरफ्तार कर लेगी। कुछ दिनों में उनके आवास, रिश्तेदारों और परिवार वालों के घर रेड होगी और समन भेजे जायेंगे। वहीं, अब भाजपा ने आतिशी के आरोपों के बाद उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हमने (दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी) को सबूत देने के लिए कानूनी नोटिस दिया है, हम उन्हें भागने नहीं देंगे। इस बार उन्हें जवाब देना होगा। आतिशी के कल के बयान पर हमने कहा था कि आप झूठ बोल रही हैं।




# गिरिडीह और लातेहार से 36.56 लाख रुपये बरामद

**वाहन जांच में गिरिडीह से मिले 30.56 लाख रुपये**

**बरवाडीह से 5.65 लाख रुपये बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/बरवाडीह।** झारखंड में लोकसभा चुनाव में धनबल का इस्तेमाल रोकने की पहल जारी है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने दो जिलों गिरिडीह और लातेहार से 36.56 लाख रुपये जब्त किये हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन जांच के क्रम में गिरिडीह जिले के निमियाघाट-धनवार इलाके से 30,91,900 रुपये और लातेहार जिले के बरवाडीह इलाके से 5,65,000 रुपये बरामद हुए।

सूचना के मुताबिक गिरिडीह जिले में अवैध नकद के परिवहन की रोकथाम के लिए बनायी गयी टीम को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। निमियाघाट और धनवार थाना क्षेत्र से एफएसटी टीम ने अलग-अलग वाहनों से 30 लाख 91 हजार 900 रुपये नगद जब्त किये। इधर, लातेहार जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र के मुर्गीडीह पुलिस कैंप के समीप वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी के तहत प्रशिक्षु आइपीएस सह थाना प्रभारी ललित मीणा के निर्देश पर बरवाडीह पुलिस सब इंस्पेक्टर राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में सब इंस्पेक्टर अशोक सिंह की मौजूदगी में एक गाड़ी से 5.65 लाख रुपये बरामद किये गये। कार में सवार बिहार के औरंगाबाद निवासी रवींद्र कुमार सिंह बरामद रुपये के बारे में साफ कुछ नहीं बोल पाये। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# राहुल ने वायनाड से नामांकन भरा

**प्रियंका के साथ एक घंटे रोड शो किया**

**दिल्ली में खड़गे ने घर-घर गारंटी कैंपेन लांच किया**

आजाद सिपाही सवाददाता

**वायनाड/ नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड सीट से नामांकन दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने बहन प्रियंका गांधी के साथ एक घंटे का रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने क्षेत्र की जनता से कहा कि आपका सांसद होना सौभाग्य की बात है। इस सीट से भाजपा ने केरल के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन को मैदान में उतारा है। वायनाड में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी।

राहुल ने वायनाड की जनता से कहा कि आपका लोकसभा सदस्य होना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपके साथ एक मतदाता की तरह व्यवहार नहीं करता हूं। मैं आपके साथ वैसा ही व्यवहार करता हूं, जैसे मेरा छोटी बहन प्रियंका के साथ व्यवहार है। वायनाड के घरों में मेरी बहनें, मां, पिता और भाई हैं और इसके लिए मैं आपका तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। गौरतलब है कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने अपनी परंपरागत सीट उत्तरप्रदेश की अमेठी लोकसभा और वायनाड से चुनाव लड़ा था। उन्हें अमेठी में हार का सामना करना पड़ा था। यहां भाजपा की स्मृति इरानी ने उन्हें शिकस्त दी थी। हालांकि, राहुल ने वायनाड में जीत हासिल की थी। राहुल ने 4.31 लाख वोटों से जीत दर्ज की थी।



उधर, दिल्ली में कांग्रेस ने पार्टी की '5 न्याय, 25 गारंटी' को देश के लोगों तक पहुंचाने के लिए 'घर-घर गारंटी' कैंपेन शुरू किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसकी शुरुआत नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट से की। इस मौके पर खड़गे ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता कम से कम आठ करोड़ घरों में गारंटी कार्ड पहुंचायेंगे। वे लोगों को बतायेंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या-क्या काम करेंगे। हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी। खड़गे ने कहा कि मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई। उनकी गारंटी लोगों को नहीं मिली। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15-15 लाख रुपये देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 34.8 °c | 20.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.05 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.38 बजे |



## राजधानी की लचर ट्रैफिक व्यवस्था पर हाइकोर्ट सख्त

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें

**ट्रैफिक एसपी हाजिर, अगली सुनवाई में फिर तलब**

**मेन रोड, लालपुर, किशोरी यादव चौक पर विशेष फोकस रखें**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में ट्रैफिक एसपी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार धरातल पर दिखे, यह सुनिश्चित करें। रांची शहर में खासकर मेन रोड, लालपुर चौक, किशोरी यादव चौक पर यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस रखें। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

कोर्ट ने रांची नगर निगम से जानना चाहा कि मल्टी स्टोरेज पार्किंग की क्या व्यवस्था है। इस पर बताया गया कि हिनू, साधु मैदान कोकर, सुजाता चौक के पास मल्टी स्टोरेज पार्किंग व्यवस्था की जायेगी। इसके लिए जमीन अधिग्रहण पर बातचीत चल रही है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में ऐसा देखा जाता है कि सड़कों पर ऑटो चालक रास्ते का अतिक्रमण करते हैं। चौक-चौराहों पर बड़ी संख्या में ऑटो खड़े रहते हैं, जिससे जाम लोगों को समस्या होती है। रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने पैरवी की। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की।

एसपी से कोर्ट ने जानना चाहा कि शहर में टेंपो चालकों के लिए क्या पार्किंग की व्यवस्था है। कोर्ट ने यह भी कहा कि मेन रोड में कई वाहन चालक बगैर हेलमेट के चलते हैं। ऐसे में ट्रैफिक पुलिस को सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाने की जरूरत है। मेन रोड में फुटपाथ दुकानदार सड़कों पर बाजार लगाते हैं, जिससे लोगों का चलना दुर्लभ हो जाता है।

### काटा जाता है ऑनलाइन चालान: ट्रैफिक एसपी

**ट्रैफिक एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हेलमेट चेकिंग अभियान जारी है। सीसीटीवी के माध्यम से भी हेलमेट नहीं पहनने वालों का ऑनलाइन चालान कटता है। ट्रैफिक सिग्नल में लाइट के खराब होने पर उसे बदला जाता है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित करते हुए ट्रैफिक एसपी को निर्देश दिया कि वह अगली सुनवाई में रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए उठाये जा रहे कदमों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करें। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी ट्रैफिक एसपी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया।**

# पार्टी छोड़ना दुर्भाग्यपूर्ण: आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे ने कांग्रेस नेताओं के द्वारा पार्टी छोड़ने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही उनसे पार्टी में बने रहने की अपील की। कहा कि यह समय पार्टी के लिए काफी संघर्ष और संकट का है। हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता की पार्टी में जरूरत भी है। एक विचारधारा का भी बड़ा महत्व है। तीन दशक से अधिक समय से काम करने वाले नेताओं-कार्यकर्ताओं को अगर कहीं तकलीफ भी पहुंची है, तो भी यह समय पार्टी में बैठकर आपस में विचार विमर्श कर उसका समाधान निकालने की जरूरत है। पार्टी छोड़ना ना तो विकल्प है और ना ही कोई बहादुरी। कहा कि खुद भी पिछले दो वर्षों से एक व्यक्ति के द्वारा राजनीति के साथ-साथ व्यक्तिगत आघात का भी सामना किया, लेकिन पार्टी की नीतियों के साथ कभी समझौता नहीं किया। बड़े परिवार में विचारों का टकराहट हो सकता है, मनभेद भी हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हम अपने व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ या अहम में पार्टी को नुकसान पहुंचा दें।

# अमन साहू गिरोह के दो अपराधी हथियार के साथ हुए गिरफ्तार

**भारी मात्रा में रुपया मिलने की सूचना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लेवी वसूली करने आये अमन साहू गिरोह के दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक रांची पुलिस की टीम ने ओरमांझी इलाके से दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए अपराधियों का नाम प्रमोद सिंह और अमजद अंसारी बताया जा रहा है। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में लेवी का पैसा और हथियार बरामद किया है। रांची के रहने वाले एक बड़े कारोबारी से अमन साहू गैंग से जुड़े दोनों अपराधी लेवी वसूल कर जा रहे थे। इसी दौरान रांची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया है। हालांकि इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पायी है। वहीं पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि कारोबारी से अपराधी पैसा लेने पहुंचे थे। इसी बीच पुलिस को सूचना मिल गयी और दोनों अपराधी दबोचे गये। सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम ने कार्रवाई की है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृष** कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सदभावनाएं और शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**कर्क** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी, स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**सिंह** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल और कर्मबल में वृद्धि होगी।

**कन्या** नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य और साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।

**तुला** परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा स्वजन-मित्रों का सहयोग स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## ईद-सरहुल के मद्देनजर जल्द आवंटन मिले

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने वित्त सचिव और प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। इसमें मांग की है कि अभी ईद और सरहुल नजदीक है। मार्च माह में सभी शिक्षकों की आयकर कटौती भी हुई है। राज्य में अभी तक किसी जिले में आबंटन उपलब्ध नहीं हुआ है, त्योहार को देखते हुए अविलंब आबंटन उपलब्ध कराया जाये।

# बाबूलाल, अर्जुन मुंडा और संजय सेठ सहित 27 भाजपा नेताओं को राहत

**हाइकोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर लगायी रोक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और सांसद संजय सेठ सहित 27 भाजपा नेताओं की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ता बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, संजय सेठ, दीपक प्रकाश, सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जयसवाल के अलावा बिरंची नारायण, प्रदीप कुमार वर्मा, रवींद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने पैरवी की।

### क्या है मामला

**सचिवालय की ओर मार्च कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ झड़प हो गयी थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 107-2023 दर्ज किया गया था। 41 नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।**

# जेएमएम विधायक दल की बैठक के बाद हो सकती है लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य में इंडी गठबंधन अब तक सिर्फ तीन लोकसभा उम्मीदवारों की घोषणा कर पाया है। उम्मीदवारों की घोषणा में हो रही देरी को लेकर तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। वहीं अब इंडी गठबंधन का घटक दल जेएमएम 5 अप्रैल को अपने कोटे के उम्मीदवारों की घोषणा कर सकता है। 5 अप्रैल को जेएमएम विधायक दल की बैठक कांके रोड स्थित सीएम आवास में आयोजित होगी। इस बैठक के बाद उम्मीद जतायी जा रही है कि इसी दिन जेएमएम अपने कोटे के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकता है। वहीं अगर दूसरी तरफ देखें तो एनडीए 14 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार चुका है।

**अबतक राज्य में सिर्फ तीन सीटों पर इंडी गठबंधन ने दिए उम्मीदवार :** इंडी गठबंधन के मुख्य घटक दल कांग्रेस ने झारखंड में अबतक सिर्फ तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। 28 मार्च को कांग्रेस की सीइसी की बैठक के बाद पार्टी ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। जिसमें लोहरदगा लोकसभा से सुखदेव भगत, खूंटी से कलीचरण मुंडा और हजारीबाग से जय प्रकाश पटेल पर पार्टी ने भरोसा जताया है। बता दें कि अभी इंडी गठबंधन को कुल 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा करनी है।

### राज्य में इंडी गठबंधन ने सीट शेयरिंग का किया है फॉर्मूला तय

**झारखंड में इंडी गठबंधन के तहत चार दल राज्य में चुनाव लड़ रहे हैं। जिसमें कांग्रेस, जेएमएम, आरजेड और सीपीआइ माले शामिल हैं। कांग्रेस लोकसभा की सात सीटों रांची, खूंटी, लोहरदगा, हजारीबाग, धनबाद, गोड्डा और पलामू सीट पर उम्मीदवार देगी। वहीं जेएमएम राजमहल, दुमका, गिरिडीह, जमशेपुर और सिंहभूम ( चाइबासा) लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार देगा। इसके साथ सीपीआइ माले कोडरमा और चतरा लोकसभा सीट से आरजेडी चुनाव लड़ेगी।**

# अध्यक्ष आकाश दुबे, कोषाध्यक्ष विवेक बने

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्री महावीर मंडल, श्री राम सेना की ओर से प्राचीन शिव मंदिर डैम साइड गोंदा टाउन कांके रोड में रामनवमी आयोजन को लेकर बैठक की गयी। इसमें पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक किशोर साहू, शंकर दुबे, जेडी राणा, बिपिन कुमार, बीसी कनोई बनाया गया। साथ ही संरक्षक की जिम्मेवारी पुनीत सिंह, कुंदन सिंह, गगन कुमार, हरेंद्र सिंह, राहुल दुबे, केदार राम, अनिल उरांव, देवराज सिंह, राजेश सिंह, विजय कुमार सिंह, सोनू शर्मा, मुकेश नायक को दी गयी। अध्यक्ष आकाश दुबे, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार, नयन कुमार, विवेक झा, प्रकाश नायक, कुमार अभिषेक को बनाया गया। कार्यकारिणी अध्यक्ष अमित सिंह, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष शेखर राज, विशाल रजक, शिशांत खलखो, राहुल यादव, दीपक यादव चुने गये। वरीय उपाध्यक्ष अनुराग सिंह, मनोज कुर्रे, सतीश कुमार, सचिव विशाल राय, संतोष उपाध्याय, सह सचिव रौनक कुमार, अविनाश दुबे, कोषाध्यक्ष विवेक दुबे का चुना गया। संस्थापक राणा हर्षवीर, अजय राम, मंत्री राजकुमार राम, सह मंत्री अक्षय कुमार, राजेश कुमार पांडेय, प्रशांत कुमार को चुना गया। मुख्य पुजारी गौतम उपाध्याय, सदस्य प्रिंस कुमार सिंह, अर्पित गुप्ता, अमान गुप्ता, अनिकेत, हर्षित रजक, विवेक सिंह, राहुल क्लार्क, अमर साहू, लकी सिंह को बनाया गया।

# पीपीएस से जमशेदपुर में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** टाटा स्टील लिमिटेड की ओर से जमशेदपुर आदित्यपुर की बिजली व्यवस्था बेहतर करने की तैयारी है। इसके लिए नयी तकनीकों के माध्यम से बिजली व्यवस्था ठीक करने की तैयारी की जा रही है। जानकारी हो कि टाटा स्टील जमशेदपुर के बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति करती है। ऐसे में कंपनी की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति पर बल दिया जा रहा है। इसके लिए कपंनी ने योजना तैयार की है, जिसके तहत साल 2026 तक टाटा स्टील लिमिटेड ने 10 सब स्टेशनों में नाइट्रोजन इंजेक्शन पावर प्रोटेक्शन सिस्टम लगाने की योजना बनायी है। आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करते हुए इस पर काम किया जायेगा।

# हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी के केस में अब 18 को सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मनी लांड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत में हेमंत सोरेन की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। अब तक की सुनवाई में कोर्ट ने प्रथम द्दष्टया (प्राइमा फेसी) यह माना है कि हेमंत सोरेन ने इडी के समन का उल्लंघन किया। इडी ने 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज करायी थी। इडी की ओर से दर्ज शिकायतवाद में कहा गया है कि इडी के द्वारा लगातार समन देने के बाद भी हेमंत सोरेन ने उस आदेश का अनुपालन नहीं किया और कई समन का उल्लंघन किया। दरअसल जमीन घोटाले से जुड़े मामले में इडी ने हेमंत सोरेन को 10 समन जारी किया था। लेकिन हेमंत सोरेन सिर्फ दो समन पर पेश हुए थे। आठ समन पर वह एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे, जिसे समन की अवहेलना माना गया है।

# बिजली-खनन में 50 हजार करोड़ का निवेश कर चुका है एनटीपीसी: अनिमेष

## वित्तीय वर्ष 2024 में कोयला उत्पादन और डिस्पैच में शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के सीइओ अनिमेष जैन ने कहा कि राज्य में एनटीपीसी बिजली और कोयला खनन के क्षेत्र में 50 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोयला खनन अब एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता है, जो एनटीपीसी की स्वामित्व वाली कंपनी है। अनिमेष जैन एनटीपीसी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

एनएमएल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ की कोयला खदानों से रिकॉर्ड 34.39 मिलियन मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन किया गया है। इसमें 34.15 मिलियन मीट्रिक टन का डिस्पैच किया गया है। इसकी आपूर्ति एनटीपीसी के विभिन्न पावर प्लांटों में की गयी है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी कोयला खनन ने क्रमशः 1.8 एलएमटी और 1.29 एलएमटी का एक दिन का सबसे अधिक कोयला उत्पादन और प्रेषण हासिल किया। कोयला उत्पादन केरेडारी कोयला खनन परियोजना से शुरू हो गया है, जो एनटीपीसी की पांचवीं कैप्टिव खान है। एनटीपीसी की सभी पांच प्रचालनात्मक कोयला खदानों ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है और उनसे अधिक कार्य कर लिया है। बताया कि एनटीपीसी ने उत्पादन की शुरुआत से अपनी पांच प्रचालनात्मक कैप्टिव कोयला खानों से लगभग 103 मिलियन मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन किया है।

उन्होंने बताया कि एनएमएल एनटीपीसी थर्मल उत्पादन का 13 प्रतिशत ईंधन भर रहा है, जिससे ऊर्जा आत्मनिर्भरता में योगदान दे रहा है और प्रति वर्ष 100 मिलियन टन की क्षमता तक पहुंचने की कल्पना करता है। कोयला उत्पादन और प्रेषण में एनएमएल की उल्लेखनीय वृद्धि परिचालन उत्कृष्टता के प्रति समर्पण और भारत की ऊर्जा मांगों को पूरा करने में इसके योगदान का एक वसीयतनामा है। कंपनी अपने प्रदर्शन को और बढ़ाने और देश के ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए नवीन तकनीकों और सुरक्षा प्रथाओं को लागू करना जारी रखेगी। मौके पर नवीन गुप्ता, रजनीश रस्तोगी, नवीन जैन, शिव प्रसाद, के चंद्रशेखर, नीरज जलोटा और अमित बेहरा उपस्थित थे।

# हर बूथ से संबद्ध रहेगी मेडिकल टीम: प्रधान सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्र स्थलों से मतदान दिवस के एक दिन पहले से ही मेडिकल टीमें संबद्ध रहेंगी। मतदान केंद्र भवनों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों के पास मतदाताओं और निर्वाचन कार्य में लगाये गये पदाधिकारी, कर्मियों और सुरक्षा बलों के लिए जरूरी दवाएं, ओआरएस घोल इत्यादि सहित प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी।

कहा कि संबंधित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन एंबुलेंस या किसी अन्य वाहन से पारा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी मतदान केंद्रों पर चलायमान रहेंगे। 108 एंबुलेंस की सुविधा मतदान के एक दिन पहले से ही पुख्ता रहेगी। किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में निर्वाचन कर्मियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा रहेगी। प्रधान सचिव बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। नेपाल हाउस स्थित सभागार में आयोजित इस बैठक से राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

# अवैध मीट शॉप पर हाइकोर्ट का कड़ा रुख

**जवाब दाखिल कर बतायें क्या हुआ एक्शन**

**एसपी-एसएसपी को दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी सहित राज्य में दुकान के बाहर खुले में मांस-मुर्गा प्रदर्शित किये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने जिलों के एसपी-एसएसपी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। पूछा है कि कोर्ट के पिछले आदेश के आलोक में अवैध रूप से संचालित मीट शॉप दुकानों पर क्या कार्रवाई हुई है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची शहर में मीट शॉप दुकानों पर अभी भी खुले में बकरा-मुर्गों का खुले में प्रदर्शन जारी है। अवैध रूप से संचालित मीट दुकानों पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रांची नगर निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि शहर में अवैध रूप से संचालित कुछ दुकानों को चिह्नित किया गया है। इसकी रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गयी है। यह भी बताया गया कि कांके में स्लॉटर हाउस बनाया गया है, लेकिन अभी वहां बहुत कम मीट शॉप संचालक पहुंचते हैं। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका और अधिवक्ता अभय शंकर ने पक्ष रखा। दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित कर रांची एवं झारखंड के अन्य जिलों के उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को अवैध मीट शॉप पर रोक लगाने का निर्देश दिया था।






आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का सांगठनिक प्रवास आज से

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी चार से आठ अप्रैल तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के सांगठनिक प्रवास पर रहेंगे। सात विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए गठित विधानसभा के प्रबंध समिति और संचालन समिति को बैठक में शामिल होंगे। भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी आगामी पांच दिनों तक प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। वाजपेयी चार अप्रैल को बोकारो, पांच अप्रैल को बाघमारा और धनबाद छह अप्रैल को जमशेदपुर, सात अप्रैल को सरायकेला और चाईबासा तथा आठ अप्रैल को खूंटी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे। वाजपेयी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विधानसभा क्षेत्र स्तर पर पार्टी द्वारा गठित प्रबंध समिति, संचालन समिति की बैठक को संबोधित करेंगे।

### 11 हजार स्थानों पर मनाया जायेगा रामोत्सव: विहिप

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद की बैठक प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में बुधवार को हरमू रोड स्थित प्रांत कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान, श्री रामोत्सव कार्यक्रम की पूर्ण योजना एवं आगामी कार्यक्रमों के संदर्भ में चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि झारखंड प्रांत के सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर 11,000 स्थानों में रामोत्सव का कार्यक्रम किया जायेगा। हर पंचायत में कम से कम चार स्थानों पर रामोत्सव मनाने की योजना बनायी गयी। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा कि झारखंड प्रांत में नौ अप्रैल वर्ष प्रतिपदा से 24 अप्रैल श्री हनुमान जन्मोत्सव तक रामोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा यादव, प्रांत उपाध्यक्ष सुभाष नेत्रगांवाकर, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत बजरंग दल संयोजक दीपक ठाकुर, मातृशक्ति प्रमुख दीपारानी कुंज, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह सह प्रमुख प्रिंस अजमानी, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख कृष्ण कुमार झा, प्रांत कोषाध्यक्ष मदन बागड़िया, प्रांत सत्संग प्रमुख रंजन सिन्हा, परियोजना सह प्रमुख रेणु अग्रवाल, प्रांत प्रचार प्रसार सह प्रमुख प्रकाश रंजन प्रांत धर्म प्रसार सह प्रमुख सच्चिदानंद सहित प्रांत विभाग और जिले के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उच्चतम न्यायालय के फैसले ने ही बचा रखा है लोकतंत्र को : कांग्रेस

रांची (आजाद सिपाही)। देश में लोकतंत्र और जनता के विश्वास को उच्चतम न्यायालय के फैसले ने हीं बचा कर रखा है। नहीं तो सत्ता और संवैधानिक एजेंसियों के दुरुपयोग का ऐसा नायाब उदाहरण शायद ही देखने को मिलता। ये बाते प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बुधवार को कहीं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के फैसले से आप सांसद संजय सिंह को जमानत मिलने से यह साबित हो गया की झूठी बुनियाद पर मुकदमे तैयार कर विपक्षी नेताओं को फंसाने का षड्यंत्र पूरे देश में रचा गया और अपने इस एजेंडे को पूरा करने में मोदी सरकार के तंत्रों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ भी ऐसी ही कार्रवाई की गई है। भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को राष्ट्रीय स्तर का संरक्षण प्रदान करने वाले भाजपा के नेताओं को भ्रष्टाचार के विरुद्ध बोलने का कोई हक नहीं। भाजपा में शामिल होने वाले ऐसे लोग जिन्हें भाजपा भ्रष्टाचार का सिंबल बताती रही उन्हें भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित सभी नेता स्वच्छता का प्रमाण पत्र बांटते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के पतंजलि के खिलाफ टिप्पणी और फटकार लगाने से यह साबित हो गया कि बाबा रामदेव ने कोरोना काल में देश के कोरोना मरीज और आम जनता को अंधेरे में रखकर अपनी दवा के जरिए और अरब रुपयों का मुनाफा कमाया।

### झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ ने शिक्षकों को राशि आवंटन की मांग की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद किशोर साहू और प्रदेश महासचिव बलजीत कुमार सिंह ने झारखंड के प्रधान वित्त सचिव और प्राथमिक शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा। बुधवार को लिखे पत्र में मांग किया है कि अभी ईद उल फितर और सरहुल का त्योहार को देखते हुए शिक्षकों का आवंटन किया जाये। कहा कि त्योहार नजदीक है मार्च माह में सभी शिक्षकों का आयकर कटौती भी हुआ है। राज्य में अभी तक किसी जिले में आवंटन उपलब्ध नहीं हुआ है। इस त्योहार को देखते हुए अविलंब आवंटन उपलब्ध कराने की मांग की है जिससे यह त्योहार अपने अनुसार खुशियों के साथ मना सकें।

### रांची से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी मनोज कुमार को जनता सरकार मोर्चा का समर्थन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय सांसद प्रत्याशी मनोज कुमार को जनता सरकार मोर्चा ने समर्थन दिया है। साथ ही लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए रांची संसदीय क्षेत्र में 4000 से 5000 कार्यकर्ता घर-घर जाकर हर एक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में बैंकों के मायाजाल, वैध और अवैध रुपये के बारे में जानकारी दे रहे हैं। और लोगों को यह भी बता रहे हैं कि बैंक से और आरबीआइ से कैसे असली रुपया जो सोने(गोल्ड) के रूप में आरबीआइ में जमा है उसे ले सकते हैं। सभी प्रचारक यह भी जानकारी दे रहे हैं कि कैसे 110 रुपये में 5 लाख का लोन एवं 220 रुपये में 10 लाख का लोन वैध रुपये में चुकता होगा। उसका सारा कैलकुलेशन और फार्मूला के बारे में भी लोग अच्छी तरह से समझ भी रहे हैं। साथ में इन्होंने एक घोषणा पत्र भी जारी किया है जिसमें मुख्य मुद्दा ऋण से मुक्ति दिलाना और आने वाला समय ब्याज रहित ऋण लोगों को दिलाना है।

### रांची के मिसेज शीतल राजपाल बनीं मिसेज इंडिया



रांची (आजाद सिपाही)। गुड़गांव में आयोजित मिसेज इंडिया 2024 - 25 के प्रतियोगिता में पूरे देश से शामिल प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। गुड़गांव में आयोजित उक्त प्रतियोगिता में रांची की मिसेज शीतल राजपाल जो पेशे से प्राणिक उपचारक और अहर्टिक योगी है। मिसेज शीतल ने उक्त प्रतियोगिता में द्वितीय रनरअप और फैशन इंस्टा का खिताब जीतकर झारखंड का नाम रौशन किया। यह झारखंड की महिलाओं के लिये एक उत्साहवर्द्धक उपलब्धि है। मिसेज शीतल राजपाल ने कहा कि आज के समय में जो महिलाएं शादी के बाद बच्चों की मां बनने के बाद उनका कैरियर कमजोर हो जाता है। ऐसा नहीं है महिलाएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन और कैरियर को बनाये रखने में सक्षम हो सकती हैं। मिसेज शीतल राजपाल ने अपनी सफलता के लिये अपने पति रणजीत सिंह राजपाल को बताया। शीतल ने बताया कि उनके पति ने उसे इस प्रतियोगिता के लिए हर तरह से प्रेरित करते रहे और मदद करते रहे।

### पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच ने कहा

# चतरा संसदीय सीट पर ओबीसी समाज को अपना उम्मीदवार बनाये महागठबंधन

**यहां वैश्य समाज के लगभग तीन लाख पचास हजार से ऊपर मतदाता हैं, साथ ही चतरा संसदीय क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच ने इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों से मांग की है कि चतरा संसदीय सीट पर पिछड़ा समाज से अपना प्रत्याशी दें। बुधवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मंच के अजय वर्मा ने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र में वैश्य समाज के लगभग तीन लाख पचास हजार से ऊपर मतदाता हैं। साथ ही चतरा संसदीय क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग के मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। इसलिए इस समाज की मजबूत दावेदारी बनती है।

श्री वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने लगभग सभी मंचों से पिछड़े वर्ग के हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं। सामाजिक न्याय के नेता लालू प्रसाद यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार में जातीय जनगणना कराने में अपनी अहम भूमिका निभायी है। वर्तमान में झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार जो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में चल रही है उसने भी जातीय जनगणना करा कर ओबीसी समाज को हक और अधिकार देने की बात कही है। इन सभी बातों को पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच स्वागत करती है। साथ ही पिछड़े समाज में इन बातों से उम्मीद जगी है और आशा नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि चतरा लोकसभा सीट पर महागठबंधन पिछड़े समाज को निश्चित रूप से उम्मीदवार बनायेगी। पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के द्वारा झारखंड में पिछड़ों के हक अधिकार को लेकर लगातार संघर्षरत है। और मंच के द्वारा जो मांग उठाया गया है, इंडिया गठबंधन से उम्मीद है की सभी मांगों को अपने घोषणा पत्र में जरूर शामिल करेंगे। वहीं जुगल पाल ने कहा कि चतरा, लातेहार एवं पलामू में बराबर पिछड़े समाज को राजनीतिक दलों ने छलने का काम किया है। अगर ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित की गयी तो सेकुलर विचारधारा को मजबूती मिलेगी। यह संसदीय क्षेत्र वैश्य बाहुल्य मतदाता क्षेत्र है इस पर वैश्य समाज का मजबूती से हक बनता है।

श्रवण कुमार ने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू के पांकी लातेहार के लातेहार, मनिका, चतरा, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र आता है इस संसदीय क्षेत्र से विगत कई लोकसभा चुनाव में प्रतिनिधित्व करने वाली लोगों की जनसंख्या आंशिक है। इस संसदीय क्षेत्र में लगभग पिछड़ा, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक निर्णायक भूमिका में है उसमें भी वैश्य समुदाय का लगभग 40 प्रतिशत से ऊपर की आबादी है। फिर भी वैश्य समाज अपने को ठगा महसूस कर रहा है।

# प्रयोगशाला अपग्रेड, अब करेंगे जांच: कुलपति

**रांची विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट कौंसिल की बैठक**

**आरयू की रिसर्च पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट कौंसिल की बैठक पीजी बॉटनी विभाग के सेमिनार हॉल में हुई। इसमें कुलपति प्रो अजीत कुमार सिन्हा ने कई प्रस्तावों पर चर्चा के बाद सहमति जतायी। इसमें पीजी बॉटनी विभाग के डीन डॉ अरुण कुमार को आरएंडडी कौंसिल रांची विश्वविद्यालय का संयोजक बनाया गया। सर्वसम्मति से इस बात पर जोर दिया गया कि रिसर्च एंड डेवलपमेंट कौंसिल सिर्फ विज्ञान संकाय को नहीं, बल्कि सभी संकायों में उत्कृष्टता के लिए कार्य करेगा। सभी पीजी संकायों के लैब को आधुनिक बनाया जायेगा। इसमें साइंस, साइकोलॉजी,भूगोल, एंथ्रोपोलॉजी, होम साइंस शामिल हैं। कुलपति ने निर्देश दिया कि प्रयोगशालाओं को आधुनिक बनाने के साथ ही शिक्षक और विभाग इस बात का विशेष ख्याल रखें कि उपकरणों का छात्र उपयोग भी करें। उन्होंने समय-समय पर प्रयोगशालाओं के लॉग बुक चेक करने की भी बात कही।

आरयू की रिसर्च पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी। तय हुआ कि राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय उद्योगों के साथ सहयोगात्मक अनुबंध और बौद्धिक संपदा अधिकार पर विशेष कार्य किया जायेगा। रिसर्च एंड डेवलपमेंट कौंसिल के अंतर्गत समय-समय पर बौद्धिक संपदा अधिकार कानूनी और नैतिक विषयों पर कार्यशाला आयोजित की जायेगी। इसके तहत शनिवार को आइआइटी खड़गपुर के प्रो उदय ऑनलाइन एक सेमिनार को संबोधित करेंगे।

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में डॉ स्मृति सिंह, डॉ एसके साहू, डॉ अर्चना दुबे, डॉ आरके शर्मा, डॉ नीरज, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ जीएस झा, डॉ ज्योति प्रकाश, डॉ बीके सिन्हा, डॉ अमर कुमार चौधरी, डॉ कंजीव लोचन, डॉ पंकज चतुर्वेदी, डॉ अरूण कुमार, डॉ एके डेल्टा, डॉ नयनी सक्सेना, डॉ सुजाता सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# मोरहाबादी में आयोजित दुबई कार्निवाल मेला में खूब हो रही है ईद की खरीददारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द अशोका हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट सोसाइटी, पानीपत की ओर से दुबई कार्निवाल मेला का आयोजन मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन सहगल ने बताया कि इस मेले में ईद को लेकर घर के साज सामानों की बिक्री खूब हो रही है।

उन्होंने कहा कि हैंडलूम के स्टॉल में भी बिक्री काफी हो रही हैं। जैसे सोफा कवर 70- 250 रुपया प्रति, कुशन कवर 350- 2600 , डाइनिंग टेबल कवर 150- 1700, फ्रिज कवर 150- 350 , और बेडशीट कवर 700 - 1200 लोग काफी खरीदारी कर रहे हैं। दूसरी ओर पटियाला से आये पवन कुमार के स्टॉल पर लोग पंजाबी जूती काफी पसंद कर रहे है। जिसकी प्राइस 300 से 550 तक है। इस स्टॉल पर भी लोग ईद की काफी खरीदारी कर रहे है जैसे बादाम अखरोट खजूर और भी ड्राई फ्रूट्स लोग काफी पसंद कर रहे हैं। मेला के सफल आयोजन में सांस्कृतिक आयोजन समिति के अध्यक्ष कृष्णा कुमार साव, फूलमनी टोप्पो, रोहित कुमार उर्फ गोलू और संजीव गोडकिया लगे हुए हैं।

# आदित्य विक्रम जसयवाल ने जुड़को के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

**रामनवमी त्योहार के पूर्व सड़क पर पाइप लाइन बिछाने और सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जसयवाल ने बुधवार को रांची के जुड़को कार्यालय में जुड़को के प्रोजेक्ट डायरेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान आदित्य जयसवाल ने रांची के सड़कों पर आवागमन करने वाले लोगों को धूल के गुबार का सामना न करना पड़े। इसके लिये नियमित टैंकर से पानी का छिड़काव करने और रामनवमी त्योहार के पूर्व सड़क पर पाइप लाइन बिछाने और सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। श्री जयसवाल ने कहा कि जुड़को के प्रोजेक्ट डायरेक्टर टाइम देकर नहीं मिलते हैं। टाइम देकर अगर नहीं मिलना चाह रहे हैं तो जुड़को के कार्यों पर संशय उठता है। इनको आम जनता की समस्याओं की कोई परवाह नहीं है। खुद एसी गाड़ी, एसी चेंबर में बैठते हैं, पर पब्लिक की समस्या नहीं सुनना चाहते हैं। जुड़को के अधिकारी अपने ऐसो अराम की जिंदगी से बाहर आके देखें कि रांची शहर की क्या हालत है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो जुड़को के बाहर उग्र आंदोलन, तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन होगा। राज्य सरकार जुड़को के पदाधिकारियों के हर एक कार्य पर जांच करे। ज्ञापन के माध्यम से श्री जयसवाल ने कहा कि अप्रैल माह में रामनवमी, सरहुल का त्योहार है। इसमें बहुत ही पवित्रता का ध्यान रखा जाता है। ऐसे समय में राजधानी रांची के सड़कों को खोदकर पानी पाइप लाइन बिछाकर डस्ट डालने से सड़कों पर पूरे दिन धूल का गुबार उड़ता रहता है। धूल की मात्रा इतनी अधिक होती है कि राहगीरों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। बिना मास्क लगाये सड़कों से गुजरने में बड़ी परेशानी होती है। दोपहिया वाहन चालकों को भी धूल से काफी दिक्कत हो रही है। हेलमेट लगा कर रखने पर सामने की सड़क तक नजर नहीं आ रही है। रात-दिन उड़ती इस धूल के कारण यहां इस सड़क से आवागमन करने वाले राहगीर व अगल-बगल में रहने वाले लोग परेशान हैं। वहीं इसका सबसे बुरा असर इस सड़क पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों पर पड़ा है। इस गुबार से बचने के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकान को पूरी तरह से पॉलिथीन से घेर दिया है। जैसे ही यहां कोई ग्राहक पहुंचता है। उसे पॉलिथीन उठाकर अंदर प्रवेश कराया जाता है। ज्ञात हो कि शहर की सड़कों पर उड़ती धूल से लोगों को खांसी, दमा, आंखें लाल हो जाना, सांस लेने में परेशानी, एलर्जी, खुजली और फेफड़ों में इंफेक्शन की समस्या से ग्रस्त हो रहे है। मुंह पर कपड़ा बांधकर चलने के बाद भी धूल के बारीक कण नाक और आंखों में घुस जाते हैं। इससे आंखों में जलन होती है। आदित्य विक्रम जसयवाल ने जुड़को से अनुरोध भी किया है कि रांची के सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को धूल के गुबार का सामना न करना पड़े। इसके लिये नियमित टैंकर से पानी का छिड़काव किया जाय। और सड़क पर पाइपलाइन बिछाने के तुरंत बाद सड़क निर्माण कराने के दिशा में कार्य किया जाय ताकि राजधानी वासियों को धूल गरदा का सामना न करना पड़े। मौके पर कृष्णा सहाय, संजीव महतो, विवेक धान, पप्पू सिंह, गौरव आनंद सहित अन्य लोग मौजूद थे।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in),सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"


### एडमिशन फॉर्म 8 अप्रैल से

रांची (आजाद सिपाही)। प्रेमचंद महतो इंटर कॉलेज मेसरा में सत्र 2024 से 2026 के लिए नामांकन पत्र 8 अप्रैल से निर्गत किया जायेगा। प्राचार्य उमेश यादव ने बताया कि कॉलेज के कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में दाखिला लिया जायेगा। दाखिला प्रपत्र कॉलेज कार्यालय में 10 बजे से 12 बजे तक निर्गत किया जायेगा।


दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-11-2024, दिनांक 03.04.2024; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **सूचना सं.:** डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-11-2024, **कार्य का नाम:** हटिया कोचिंग डिपो में वाशिंग पिट लाइन नं. 7 एवं 8 के लिए सभी मौसमों हेतु अच्छादित छावनी का निर्माण (चरण-II)। **निविदा मूल्य:** रु. 10,04,42,007.48; **ईएमडी मूल्य:** रु. 6,52,200; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.04.2024 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। पिन कोड-834003. (PR-10)


# श्री श्याम मंडल के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



फाइल फोटोः सुरेश चंद्र पोद्दार

**रांची।** श्री श्याम मंडल रांची के संरक्षक सुरेश चंद्र पोद्दार का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे दो पुत्र समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से हरमू मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी। निधन की खबर प्राप्त होते ही रांची के श्याम भक्तों और श्री श्याम मंडल के सदस्यों के बीच शोक की लहर दौड़ गयी। श्री श्याम मंडल टिंबर एसोसिएशन के सदस्यगण और समाज के लोग बड़ी संख्या में उनके जतीन चंद्र लेन स्थित आवास में जमा हुए और परिवार के लोगों को सांत्वना दी। श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, उपाध्यक्ष मनोज सिंघानिया और मंत्री धीरज बंका ने शोक जताया। सुरेश चंद्र पोद्दार झारखंड टिंबर सेवा ट्रस्ट के ट्रस्टी और झारखंड टिंबर्स ट्रेडर्स के अध्यक्ष थे। वे सदैव टिंबर व्यवसाय के हित के लिए प्रयत्नशील रहते थे। हमेशा धार्मिक और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते थे।

# कपड़ा दुकान में आग से लाखों का नुकसान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल स्थित टेक्सटाइल शॉप में बुधवार को आग लग गयी, जिससे दुकान पूरी तरह जल कर राख हो गया। इसमें लाखों के नुकसान का अनुमान है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान से धुंआ निकलते देखा। इसके बाद दुकान मालिक को इसकी जानकारी दी। दुकान मालिक ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड के तीन वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझायी। डोरंडा थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने बताया कि कपड़ा दुकान में आग लगी है। शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात बतायी जा रही है। आग को बुझा लिया गया है और बगल की दुकानों में फैलने से रोक दिया गया है। नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। हालांकि, कपड़ा दुकान के सभी कपड़े जल कर राख हो गये हैं।

### युवा आजसू ने निजी विवि की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

रांची (आजाद सिपाही)। युवा आजसू ने आरोप लगाया कि राज्य के निजी विश्वविद्यालयों की मनमानी से स्थानीय युवाओं की हकमारी हो रही है। इसे लेकर युवा आजसू ने राज्यपाल को बुधवार को एक ज्ञापन भी सौंपा। युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल में शामिल रांची जिला के सह प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि प्रदेश की निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई नहीं, डिग्री की खरीद-बिक्री हो रही है। निजी विश्वविद्यालय आज शॉपिंग मॉल बन कर रह गये हैं, जहां कोई भी आसानी से डिग्री खरीद सकता है। मौके पर उपस्थित युवा आजसू के रांची जिला के सह प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि उम्मीद है राज्यपाल जल्द से जल्द इस गंभीर मामले पर कार्रवाई करेंगे, ताकि स्थानीय युवाओं को न्याय मिल पाये। इस मौके पर प्रशांत पाठक, अभिषेक शुक्ला, कैलाश, रित्विक, मन्नू, सुधांशु, सुमित, अभिराम, मोहित सहित अन्य उपस्थित थे।


AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 1577 Dated 20.03.2024 I, NAFISA MANJOOR ANSARI S/O Manjoor Alam Ansari, resident of Kaswagarh, Gomia, P.S.-Gomia, District-Bokaro, (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:- That, my Nationality is Indian. That, my Aadhar No. is 2439 7149 2805. That, I am an account holder of Bank of India, Gomia Branch bearing A/C No. 481118210000872. That, my name is NAFISA MANJOOR ANSARI which has been mentioned in my Aadhar Card but in my above Bank account of Bank of India, Gomia Branch, my name has been mentioned as NAFISAKHATUN ANSARI. That, NAFISA MANJOOR ANSARI and NAFISAKHATUN ANSARI both represented as same and one identical person i.e. of myself. That, I am swearing this affidavit for declaration of my both names as mentioned above and to produce it before the competent authority for needful purpose. That, the contents made above are true and correct and nothing has been concealed and if any contents found false or incorrect then I am liable for the same.

# गाजा में व्यावहारिक नजरिया जरूरी

करीब छह महीने से इस्राइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग सबके देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार हो जायेंगे? इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है।

**प्रामाणिक रिपोर्ट:** गाजा के हालात की भयावहता को लेकर आशंकाएं और अटकलें तो शुरू से थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यूरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस कमी को काफी हद तक पूरा किया। अब तक भुखमरी के तमाम दावों का खंडन करते रहने वाले इस्राइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है।

**भूख और कुपोषण:** रिपोर्ट में बताया गया है कि कैसे गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब तीन लाख लोगों का 70 प्रतिशत हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई विश्वसनीय आंकड़ा नहीं है, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि फरवरी में उत्तरी गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 फीसदी बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे। करीब 66 फीसदी परिवार ऐसे थे जो उस पूरे महीने कम से कम 10 बार चौबीसो घंटे भूखे रहने को मजबूर हुए। इसका गंभीर असर पड़ सकता है।

**गाजा में लंबे समय से चल रहा इस्राइल-फिलिस्तीन युद्ध में अब सीजफायर वक्त की मांग बन गया है। गाजा में अब व्यावहारिक नजरिये की जरूरत है। हालत ठीक नहीं हैं। करीब तीन लाख लोगों का 70 प्रतिशत हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है।**

**खाद्य वितरण केंद्र पर बम:** न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल बना हुआ है, बल्कि इनके वितरण की प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरा था। यही नहीं, इस्राइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर रखा है। इसके अलावा कुछ इलाकों में स्थानीय अपराधी तत्वों द्वारा राहत सामग्री चुराकर उसे ऊंची कीमत पर बेचने जैसी घटनाएं भी हो रही हैं।

**युद्धविराम की जरूरत:** अगर इस्राइल सरकार की यह बात मान भी ली जाये कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहुंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है, तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचायी जाये। सुरक्षा परिषद द्वारा इस आशय का प्रस्ताव पारित किये जाने के बाद भी उस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठने तो उसी समय प्रारंभ हो गये थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गयी। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता।**

# राजनीति में बदल रहे नैतिकता के मायने

सुरेश सिंह



**भारतीय** राजनीति में ऐसे कई उदाहरण दिये जा सकते हैं, जो आज भी नैतिकता के आदर्श हैं। लेकिन आज की राजनीति को देखकर ऐसा लगने लगा है कि नैतिकता की राजनीति दूसरे तो अवश्य करें, पर जब स्वयं को नैतिकता की कसौटी पर परखने की बारी आये, तब नैतिकता के मायनों को बदल दिया जाता है। भारतीय राजनीति में राजनेताओं पर आरोप लगने पर कई लोगों ने अपने पद को त्याग दिया था। दिल्ली के शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय राजनीति को अलग राह पर ले जाने का उदाहरण पेश किया है, हालांकि इस उदाहरण को आदर्शवादिता के रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि केजरीवाल भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किये गये हैं। यह एक मुख्यमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति के लिए शोभनीय नहीं हैं। केजरीवाल स्वयं कहते थे कि वे राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आये हैं, लेकिन अब जब उन पर ही सवाल उठ रहे हैं, तब उनसे भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की आशा करना बेमानी ही कही जायेगी। यहां सवाल यह भी उठ रहा है कि दिल्ली के शराब घोटाले में अभी तक जिन पर आरोप लग रहे हैं, उनको जमानत लेने का पर्याप्त आधार नहीं मिल रहा। इसका आशय यह भी है कि सरकार की ओर से कोई न कोई गलत आचरण किया गया होगा, अन्यथा एक मुख्यमंत्री को ऐसे ही गिरफ्तार नहीं किया जाता। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी यही कहा जा रहा है कि उसके पास इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के संकेत पर पैसों का लेनदेन हुआ।

**आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है।**

दिल्ली में शराब घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जिस प्रकार से प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है, उस पर विपक्ष की ओर से सत्ता पक्ष पर कई प्रकार के सवाल उठाये जा रहे हैं। सवाल उठाना विपक्ष की राजनीतिक मजबूरी हो सकती है, लेकिन इन सवालों की परिधि में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से जो आरोप लगाये जा रहे हैं, उस पर विपक्ष कुछ भी बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इससे इस बात को भी बल मिलता है कि दाल में कुछ काला अवश्य है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह साफ तौर पर संकेत दिया है कि केजरीवाल शराब घोटाले का मुख्य आरोपी है। अब यह जांच के बाद ही पता चलेगा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर लगाये जा रहे आरोप किस हद तक सही हैं या फिर केजरीवाल अपने आपको निर्दोष साबित कर पाते हैं या नहीं। अगर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से लगाये गये आरोप प्रमाणित होते हैं, तो यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक संवैधानिक पद के प्रभाव का दुरुपयोग किया है।

हम यह भली-भांति जानते हैं कि अरविंद केजरीवाल अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन की उपज हैं। उस समय अरविंद केजरीवाल ने अपने आपको ऐसा प्रचारित किया कि एक वे ही भारतीय राजनीति के उच्चतम आदर्श हैं। लेकिन उनके आचरण पर स्वयं अन्ना हजारे ने सवाल उठाये थे। हालांकि अन्ना हजारे के सवालों को केजरीवाल ने दरकिनार कर दिया। इसका तात्पर्य यही है कि अन्ना हजारे राजनीति में जिस प्रकार का पारदर्शी व्यवहार चाहते थे, वैसा दिखाई नहीं दे रहा था। अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी समाजसेवी अन्ना हजारे की ओर से साफ-सुथरी टिप्पणी आयी है, जिसमें कहा गया है कि अन्ना हजारे ने शराब पर नीति बनाने से रोका था। अन्ना हजारे ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को उनके कर्मों का परिणाम बताया। आज दिल्ली का शराब घोटाला यही चरितार्थ करते हुए लग रहा है कि शराब किसी भी संस्था या व्यक्ति को बर्बाद कर देती है। यह बात केजरीवाल पर लागू होती है या नहीं, यह तो समय बतायेगा, लेकिन जब आग लगती है, तब ही धुंआ उठता है और इस धुएं की कालिमा किस-किस के शक्ल को बिगाड़ने का काम करेगी, यह समय के गर्भ में है।

केजरीवाल की सरकार पर सवाल उठने तो उसी समय प्रारंभ हो गये थे, जब उनका पहला मंत्री जेल में गया। उसके बाद तो जैसे लाइन ही लग गयी। राजनीतिक शुचिता लाने का दम दिखाने वाले आम आदमी पार्टी के नेताओं पर इस प्रकार के आरोप केवल राजनीतिक विद्वेष नहीं हो सकता। अगर यह कार्यवाही राजनीतिक होती, तो स्वाभाविक रूप से इन सभी को जमानत भी मिल जाती। जमानत नहीं मिलने से यह आशंका प्रबल हो जाती है कि भ्रष्टाचार हुआ है। आम आदमी पार्टी के नेता भी केवल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का ही विरोध कर रहे हैं। कोई भी यह नहीं कह रहा कि दिल्ली में शराब घोटाला नहीं हुआ या फिर गोवा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार का पैसा नहीं लगाया। यह बात सही है कि राजनीतिक तौर पर तर्क तो कई दिये जा सकते हैं, लेकिन इन तर्कों का आधार क्या है, यह कोई नहीं बता पाता।

भारत की राजनीति में इसे विसंगति ही माना जायेगा कि कोई अपराधी और उसके समर्थक उसे ऐसे नायक के रूप में प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, जैसे वह समाज के लिए आदर्श बन गया हो। ऐसे तमाम उदाहरण दिये जा सकते हैं, जिसमें नेता जमानत पर बाहर आकर राजनीतिक वातावरण को स्वच्छ करने की बात करते हैं। क्या वास्तव में ऐसे राजनेता देश के राजनीतिक वातावरण को सकारात्मक दिशा देने का सामर्थ्य रखते हैं। कदाचित नहीं, क्योंकि आज के राजनीतिक माहौल में राजनेता जैसा अपने आपको दिखाने का प्रयास करते हैं, वैसा सिद्धांततः होता नहीं है। उनके क्रियाकलाप केवल और केवल भ्रमित करने वाली राजनीति करने के ही होते हैं। देश में एक समय यह आम धारणा बन चुकी थी कि राजनीतिक भ्रष्टाचार इस देश की नियति बन चुकी है, लेकिन पिछले दस साल में इस धारणा को बदलने की सुगबुगाहट भी सुनाई देने लगी है। यह सुगबुगाहट कई राजनीतिक दलों को पसंद नहीं आ रही। ऐसे कई राजनेता हैं, जो भ्रष्टाचार के दोषी सिद्ध हो चुके हैं और देश की राजनीति को सुधारने की कवायद कर रहे हैं। अब सवाल यह भी आता है कि क्या बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात करने का साहस दिखा सकते हैं। इसका उत्तर नहीं ही होगा, लेकिन वे फिर राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हैं। भारत में साफ-सुथरी राजनीति के क्या यही मायने हैं? क्या ऐसे नेता राजनीति को सही दिशा दे सकते हैं, इसका उत्तर हमें स्वयं तलाश करना होगा? ऐसे ही दिल्ली सरकार के घोटाला में होता हुआ लग रहा है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से कहा जा रहा कि गोवा में 45 करोड़ रुपये हवाला के माध्यम से दिये गये। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यही साफ-सुथरी राजनीति के मायने हैं? तर्क कुछ भी हों, परंतु अब ऐसी राजनीति से देश को अलग करने का समय आ गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी और एसएसपी ने चुनाव तैयारियों पर की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटमदा।** जिले में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल और वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने सभी प्रखंडों में तैयारियों का जायजा लिया। बुधवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों ने बोड़ाम और पटमदा प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कलस्टर का निरीक्षण किया।मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग,एसडीएम पारुल सिंह, पीडीआईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनंत कुमार, निदेशक एनईपी, एसओआर,डीटीओ,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ, पटमदा डीएसपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे। मौके पर समीक्षा बैठक में डिस्पैच सेंटर से कलस्टर व कलस्टर से बूथ की दूरी,रूट चार्ट, कम्यूनिकेशन प्लान, क्रिटिकल मतदान केंद्र, कलस्टर निर्माण, व्यय को लेकर संवेदनशील पॉकेट के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। वही कलस्टर में पोलिंग पार्टी व केंद्रीय सशत्र बल के आवासन, भोजन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का आकलन कर पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने कहा कि चुनाव तिथि की घोषणा के उपरांत ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। सभी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने, चेकनाका पर सघन वाहन जांच अभियान जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा पूरे निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ, त्रुटिरहित, पारदर्शी तरीके से सम्पादित कराने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सेक्टर पदाधिकारी को बगैर जीपीएस लगे वाहन में मूवमेंट नहीं करने का निर्देश दिया।बैठक में बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की बात कही। इस अवसर पर स्वीप एक्टिविटी के तहत प्रखंड मुख्यालय में की गई रंगोली को पदाधिकारियों ने सरहाना की। वही एसएसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया कलस्टर से बूथ तक पोलिंग पार्टी को पैदल जाना है। मतदान दिवस के दिन सुबह 5:30 बजे मॉक पोल होना है। ऐसे में कलस्टर से बूथ तक पैदल मार्च के समय का आकलन कर समय पर बूथ में पहुंचें। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टि से संवेदनशील पॉकेट के लिए कई बिंदुओ में जरूरी दिशा निर्देश दी।

# ईचागढ़ चुनाव प्रभारी बने पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने विधान सभावार प्रभारियों की घोषणा कर दी। बीते दिनों जारी सूची में आंशिक बदलाव की गई।बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में सभी विधानसभा चुनाव प्रभारियों की मौजूदगी में बैठक की गयी। बैठक में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार को ईचागढ़ विधानसभा के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।साथ ही कोल्हान क्लस्टर के बूथ और डाटा प्रबंधन के महत्वपूर्ण जिम्मेवारी भी दी गई। वही सभी को मिशन मोड में लोकसभा चुनाव प्रचार की तैयारियों में जुटने का निर्देश दिया गया।

# आदिवासी मुंडा समाज की सरहुल पूजा 7 को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। आदिवासी मुंडा समाज के द्वारा आगामी 7 अप्रैल को आयोजित सरहुल पूजा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सोपोडेरा में बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को राम सिंह मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आदिवासी मुंडा समाज के सभी पदाधिकारी धमिल रहे। मौके पर आदिवासी मुंडा समाज सरहुल पूजा शोभायात्रा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक राम सिंह मुंडा ने कहा आगामी रविवार को सोपोडेरा में होने वाले सरहुल पूजा सह शोभा यात्रा इस वार ऐतिहासिक होगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारी पुरी कर ली गई है।शोभायात्रा में आदिवासी मुंडा समाज के ग्रामीण क्षेत्र गधडा, राहरगोडा, सारजमदा, सोपोडेरा, बारीगोरा, शंकरपुर, परसुडीह, करंडीह, लोको बस्ती, जमको बस्ती, शांति नगर, सीतारामडेरा, बारीडीह, बागुन नगर सहित अन्य क्षेत्र के आदिवासी मुंडा समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो उपस्थित रहेंगे। इसके अलावे झारखंड के पूर्व मंत्री रामचन्द्र सहिस,जमुना टुडू, श्रीमती मीरा मुंडा, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, समाजिक कार्यकर्ता विमल बैठा, मचीराम बाउरी,पूर्व जिला परिषद सदस्य गणेश सोलंकी,पंचायत क्षेत्र के मुखिया,जनप्रतिनिधि,ग्राम प्रधान, पहन, पुजारी, दिवरी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने कहा शोभा यात्रा के बाद आदिवासी सांस्कृतिक व कला केंद्र स्थल सलगाजुडी में सभी अतिथियों का पारंपरिक अंग वस्त्र से सम्मानित किया जाएगा। उसी स्थान पर नृत्य अखाड़ा में आदिवासी समाज के महिला पुरुष व बच्चे पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत करेंगे।जो मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा।पारंपरिक आदिवासी नृत्य संगीत व महिलाओं के नृत्य दल को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रभुराम मुंडा, प्रकाश सांडील, रूद्र मुंडा, सुरज मुंडा, धन सिंह मुंडा, राजेश मुंडा, डोमन मुंडा, अनादी मुंडा, गणेश राम सांडील, दीपक मुंडा, नीतीश सांडील, जुझार समद, महेश मुंडा,राज सांडील, सन्नी मुंडा शामिल रहे।

# चांडिल अनुमंडल में गुरु शिष्य का रिश्ता कलंकित,अश्लील हरकत से परेशान स्कूल छात्राएं

चांडिल(आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल में गुरु शिष्य का रिश्ता कलंकित होने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी मिलने पर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। बताया जा रहा है कि चौका थाना अंतर्गत खूंटी गांव के नव प्राथमिक विद्यालय की कक्षा पांचवीं की दो छात्राएं शिक्षक की अश्लील हरकतों से परेशान होकर बीते दो माह से स्कूल जाना छोड़ दिया।मिली जानकारी के अनुसार नव प्राथमिक विद्यालय जाहिरडीह के बादल मांझी उर्फ बुतरु मांझी एवं सुभराज महतो की पुत्री कक्षा पांचवीं की छात्रा है। बीते दो माह से शिक्षक भूतनाथ महतो दोनों बच्चियों से गलत हरकत करता था। जिससे तंग आकर दोनों बच्चियों ने स्कूल जाना बंद कर दी। जब दोनों बच्चियों की मां ने स्कूल नहीं जाने का कारण पूछा तो दोनों पहले बोली स्कूल नहीं जाऊंगी। सख्ती से पूछने पर दोनों ने अपनी मां को बताया स्कूल के शिक्षक भूतनाथ महतो उनके साथ गंदी हरकत करते हैं। इसी वजह से वे स्कूल नहीं जाना चाहती है। बच्चियों की बात सुनकर परिजनों के होश उड़ गए।परिजनों ने इसकी जानकारी गांव के मुखिया को दी।

# शहर में मोबाइल छिनतई गिरोह का पुलिस ने किया खुलासा, 6 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सिदगोड़ा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। बुधवार को पुलिस ने शहर में हो रही मोबाइल छिनताई गिरोह का खुलासा करते हुए 6 आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में सन्नी कालिंदी उर्फ नुनू, विश्वजीत गोराई उर्फ बाबू, आकाश दत्ता, सोनू सिंह सरदार उर्फ टेटो, टिंकू लाल साहू और रोहित कालिंदी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अलग- अलग कंपनियों के 15 मोबाइल फोन,10 पुड़िया ब्राउन शुगर, 3 मोटरसाइकिल,10 हैलोजन लाइट,500 का पुराना करेंसी, नगद 3800 रोल गोल्ड के आभूषण बरामद कर लिया। सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी मोबाइल चोरी का गिरोह सिदगोड़ा और टेल्को क्षेत्र में सक्रिय है। गिरोह के मुख्य सरगना सन्नी कालिंदी उर्फ नंदू है। जानकारी मिलने पर वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सिदगोड़ा प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कारवाई की गई। टीम ने पहले आरोपी सन्नी कालिंदी को गिरफ्तार किया। सन्नी ब्राउन शुगर का भी बिक्री करता था। इससे पहले भी जेल जा चुका है। पुलिस के द्वारा पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर उसके अन्य साथियों को हिरासत में लिया गया। उनके पास से चोरी के मोबाइल, मोटरसाइकिल, हैलोजन लाइट, नगदी और ब्राउन शुगर बरामद किया गया। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# प्रशासन की कार्रवाई के बाद भी जारी है नीमडीह में बालू का अवैध खनन



आजाद सिपाही संवाददाता

**नीमडीह।** सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रवि शंकर शुक्ला के निर्देश पर अवैध खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए बीते दिनों अभियान चलाया गया। चांडिल एसडीएम शुभ्रा रानी के नेतृत्व में प्रशासन ने चांडिल थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर जांच अभियान चलाकर तीन अवैध बालू लदा हाईवा और एक गिट्टी लदा हाईवा को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया। उधर स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार अवैध कारोबारियों को पुलिस-प्रशासन की डर नहीं है। बुधवार को चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों की चेतावनी के बाद भी धड़ल्ले से अवैध बालू का उठाव देखा जा रहा है। रात के बाद अब दिन में भी खुलेआम नीमडीह थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव जारी है। ग्रामीणों की मानें तो रोजाना सिरूम गांव से होते हुए बाघमुंडी थाना के दुआरसिनी मोड़ से पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाईवा पर बालू पहुंचाया जा रहा है। बालू के वैध और अवैध खनन से नदी के प्राकृतिक स्वरूप को ही नष्ट किया जा रहा है।

# सरकारी दवाएं फेंके जाने के 19 दिन बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

**जांच के नाम पर खाली हाथ मल रहा है विभाग**

**अरुण कुमार चौबे**



**कांडी (आजाद सिपाही)।** काफी बड़े पैमाने पर कामयाब सरकारी दवाएं फेंके जाने के 19 दिन बाद भी सुराग के नाम पर विभाग व प्रशासन के हाथ खाली हैं। आखिर लाखों रुपये की दवाएं किस सेंटर या स्टोर में उपलब्ध थीं। जिसे इस बेदर्दी से फेंक दिया गया। यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है। जांच के नाम पर बड़ा सा शून्य के अलावे कहीं कुछ नहीं है। इस दिशा में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री का निर्देश भी बेअसर हो चुका है। कांडी प्रखंड अंतर्गत सतबहिनी गेट से राजा घटहुआं गांव के रास्ते में 16 मार्च की सुबह एक ट्रैक्टर से अधिक दवाएं गड्ढे में फेंकी हुई पाई गयी थीं। इनमें कीड़ा की दवा एल्बेंडाजोल व आयरन की गोली फोलिक एसिड शामिल थीं। इनमें 75 - 80 फीसदी दवाएं कामयाब थीं। जिनकी एक्सपायरी नवंबर 2024 से लेकर 2026 तक थी। मात्र 20 - 25 फीसदी एक्सपायर दवाएं थीं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के आधार पर मौके पर पहुंच स्थानीय मीडिया ने फेंकी हुई दवाओं के विषय में कांडी थाना को सूचना देकर उसे बरामद कराया। थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दवाएं जब्त कर ट्रैक्टर व अपनी गाड़ी पर लोड कर थाना ले गए। मामले की सूचना स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को दी गयी। उन्होंने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिला के डीसी को कमेटी गठित कर जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार व एलआरडीसी रवीश राज ने थाना जाकर दवाओं की जांच की। डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर थाना कांड संख्या 26/24 के तहत एफआईआर किया गया। उसके बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इसकी अब कहीं चर्चा तक नहीं हो रही। जैसे लाखों रुपये की दवाएं फेंक दिया जाना कोई घटना ही न हो। विभाग ने इसकी भी तहकीकात नहीं की कि किस तारीख को अमुक हेल्थ सेंटर या बीआरसी को कितनी दवाएं दी गयी थी। और वहां से किसको कितना वितरण किया गया।

**क्या कहते हैं सीएस**

इस संबंध में सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार ने कहा कि मामले को लेकर एफआईआर कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस को करनी है।

**क्या कहा थाना प्रभारी ने**

थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि इस गंभीर मामले को उन्होंने अपने प्रभार में लिया है। लेकिन चुनाव के चलते कार्य व्यस्तता के कारण अग्रेतर कार्रवाई का समय नहीं मिल पा रहा है। इसमें जांच व कार्रवाई की जायेगी।

## सेल टैक्स अधिकारी के आने की अफवाह, बंद रही दुकानें



सेल टैक्स अधिकारियों के आने की सूचना पर दुकानें बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर में सेल टैक्स अधिकारियों के आने की सुचना पर हड़कंप मच गया, अचानक दुकानों का शटर गिरने लगा। भवनाथपुर में सेल टैक्स अधिकारियों के आने की सुचना हो या ड्रग अधिकारियों की आने की सूचना पर अचानक दुकान बंद होने लगते हैं। लोगों को समझ में नहीं आता कि क्या हो रहा है और दुकान क्यों बंद हो रही हैं। दस मिनट के अंदर देखते-देखते किराना की दुकान, कपड़े की दुकान या टैक्स चोरी से जुड़ी दुकान सभी बंद हो जाती हैं। आज बुधवार को भी ऐसा ही हुआ। एक बजे के बाद सूचना मिलती है कि नगर उटारी में सेल टैक्स अधिकारियों का छापा पड़ रहा है। यह सूचना आग की तरह फैल गयी और भवनाथपुर में इलेक्ट्रॉनिक की दुकान, कपड़ा की दुकान, सीमेंट छड़ की दुकान, हार्डवेयर की दुकान, किराना की दुकान देखते-देखते सभी के शटर गिर गये। लोग समझ नहीं पाये कि दुकान बंद क्यों हो रही है। एक-दो दुकानदारों से पूछे जाने पर आखिर दुकान क्यों बंद हो रही है, तो बताया कि सूचना मिली है कि नगर उटारी में सेल टैक्स अधिकारियों का छापा पड़ रहा है इसीलिए दुकान बंद कर दिया गया है।

## झारखंड वॉलीबॉल दिवस पर फैंसी मैच का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड वॉलीबॉल दिवस के अवसर पर गढ़वा जिला वालीबाल संघ द्वारा संध्या 5:00 बजे एक फैंसी वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। विदित हो कि झारखंड वॉलीबॉल के भीष्म पितामह शेखर बोस का आज जन्म दिवस है। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष 3 अप्रैल को झारखंड वॉलीबॉल दिवस के रूप में राज्य के सभी जिला संघ इकाई द्वारा मनाया जाता है। सर्वप्रथम गढ़वा जिला वालीबाल संघ के पदाधिकारी तथा खिलाड़ियों ने केक काटकर शेखर बोस का जन्मदिन मनाया। उनके स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की गयी। इसके बाद डे बोर्डिंग सेंटर के खिलाड़ियों तथा गढ़वा वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ियों के बीच फैंसी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें डे बोर्डिंग केंद्र की टीम ने दो एक से गढ़वा के टीम को पराजित किया। इस अवसर पर गढ़वा जिला वालीबाल संघ के सचिव ओमप्रकाश तिवारी ,संयुक्त सचिव ओम प्रकाश चौबे, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रभात रंजन तिवारी, समर रजा, अंशु दुबे, विशाल पांडे, नित्यानंद तिवारी, अनिमेष चौबे सहित सभी खिलाड़ी उपस्थित थे।

## आरपी बिमला निकेतन में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आर पी बिमला निकेतन फरठिया में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। साइंस एग्जीबिशन में बच्चों द्वारा बनाए गये साइंटिफिक उपकरणों को देखकर बच्चों की प्रतिभा और शिक्षकों के परिश्रम को सराहा गया। इसमें मनीष विश्वकर्मा ने सोलर सिस्टम, अयान राजा ने ट्री ग्रोथिंग सिस्टम, नसरीन बानो ने वॉटर डिस्पेंसर ,रुखसाना खातून ने पाचन तंत्र, सुप्रिया कुमारी ने लिफ्ट, मुस्कान खातून ने बीज अंकुरण, रौनक परवीन एवं खुशनुमा प्रवीण ने चंद्रमा की कलाएं, मन्नत नूरी ने मानव हृदय का मॉडल, वारिस राजा ने एसी, रोशन कुमार ने वायु प्रदूषण पर प्रोजेक्ट, अहम कुमार ने जल चक्र, अजीत कुमार ने वैक्यूम क्लीनर, रितेश कुमार ने चंद्रयान-3, सैलानीगार ने सोलर एक्लिप्स, विकास कुमार ने हीटर और हिमानी कुमारी ने डे एंड नाइट की प्रक्रिया को अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया ,जिसमें सैलानिगार द्वारा प्रस्तुत किये गये सोलर सिस्टम और सोलर एक्लिप्स को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। जबकि विकास कुमार को उनके हीटर के लिए सेकंड पुरस्कार मिला और थर्ड पुरस्कार, हिमानी कुमारी को डे एंड नाइट की प्रक्रिया की प्रस्तुति के लिए दिया गया।

# रामनवमी पूजा महासमिति जनरल की बैठक में कमेटी का किया गया विस्तार

**रामनवमी पूरे भव्य एवं दिव्य रूप से मनाये जाने का निर्णय**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल की बैठक शिव मंदिर में रखा गया। बैठक की अध्यक्षता जनरल के अध्यक्ष उमेश कश्यप ने किया। बैठक का संचालन निशांत कश्यप के द्वारा किया गया। बैठक में जेनरल के द्वारा किए गए अभी तक के कार्यों की चर्चा की गयी तथा भव्य कार्यक्रम हो उस पर चर्चा किया गया। सभी सदस्यों ने अपनी बातें को रखा अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि इस वर्ष रामनवमी पूरे भव्य और दिव्य रूप से मनाया जायेगा। प्रभु श्री राम 400 वर्षों के बाद अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं। हम सभी अखाड़ा से अनुरोध करते हैं, सभी राम भक्तों से अनुरोध करते हैं, जो जहां पर हैं वहीं पर भव्य राम जन्मोत्सव को मनाये। बैठक में जेनरल कमेटी का विस्तार भी किया गया। जिसमें कार्यसमिति सदस्यों के अतिरिक्त विनोद कमलापुरी, ज्वाहार पासवान, उमा तिवारी, अरविंद तूफानी घूरन राम, दीपक तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, मुकेश निरंजन सिन्हा, मनोज केसरी, नंदकुमार गुप्ता, डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, नंदलाल प्रसाद, विजय केसरी, दया शंकर गुप्ता, नंदकुमार गुप्ता, अनूप सोनी, ऑक्सफोर्ड स्कूल डायरेक्टर संजय सोनी संरक्षक बनाया गया। जबकि कार्य समिति सदस्य में सोनू सिंह, रामाशिष तिवारी (मुना तिवारी), मनोज गुप्ता, वीरेंद्र यादव, मनोज पाठक, विशाल गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, मृत्युंजय गुप्ता, राहुल मोदनवाल, शुभम गुप्ता, चंदन मालाकार, भारदुल, श्याम कमलापुरी, उत्तम कमलापुरी, आशीष अग्निवर, लक्ष्मी पांडे, विपुल दुबे, सुरेंद्र कश्यप, चंदन पासवान को कमेटी में शामिल किया गया। मौके पर उपस्थित संयोजक मुरली श्याम सोनी, निशांत कश्यप, कमल चौबे, रजनीश सिंह, पवन कश्यप, आशीष जायसवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जागरूकता रथ से लोगों को किया गया जागरूक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल()।** आसन्न लोकसभा चुनाव में जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी निमित के जिला से चलाये गये मतदाता जागरूकता रथ बुधवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। इसके बाद रथ के साथ प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली निकालकर विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने के लिए मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी सेविका सहिया द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को जागरुक करते हुए चुनाव में बिना लोभ लालच या दबाव में अपने नजदीकी मतदान केन्द्र पर जाकर अपना बहुमूल्य मतदान करने के लिए अपील किया गया।

जागरूकता रैली में बीडीओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, बीपीआरओ बसंत पांडे, प्रधान नाजिर सुनील कुमार, मुखिया रामसागर महतो, आंगनबाड़ी सेविका विभा रानी सहित कई गणमान्य लोग सामिल रहे। सभी की उपस्थिति में रथ को रमना प्रखंड के लिए विदा किया गया।

## डैम से सीसीएल कर्मी और उसके दो बच्चों का शव बरामद



**एसडीपीओ आशुतोष कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच हत्या का आसंका जताते हुवे जांच में जुटी**

**शव को पुलिस ने डैम से मोटरसाइकिल सहित बंधा हुआ तालाब से बरामद किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चमातू ग्राम के तिलैयाताड़ टोला में बुधवार को एक डैम से पिता व दो बच्चों को रस्सी से मोटरसाइकिल सहित बंधा हुआ तालाब से शव पुलिस ने बरामद की है। मृतक की पहचान तिलैयाताड़ टोला निवासी विनोद उरांव पिता करमा उरांव एवं प्रिया कुमारी, अंकित उरांव पिता विनोद उरांव के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में परिजन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार विनोद सीसीएल कर्मी है, जो अपने दोनों बच्चे को मैक्लुसीगंज स्थित डॉन बॉस्को रविवार को लगभग 4:00 बजे मोटरसाइकिल से पहुचाने हॉस्टल निकला था पर तीन दिन बीत जाने के बाद भी विनोद घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिजन द्वारा खोजबीन करने पर बच्चे डॉन बॉस्को स्थित हॉस्टल और किसी परिजन के यहां भी नहीं था। और ना ही काम पर गया था। जब तिलैया ताड़ डैम के इर्द गिर्द्ध मृतक विनोद का हेलमेट मोबाइल आदि आसपास बिखरा हुआ मिला तो परिजन और ग्रामीण डैम मैं खोजबीन किया तो रस्सी से बंधा हुआ पिता पुत्री बेटे का शव पानी में गला हुआ मोटरसाइकिल सहित मिला। जिसकी तुरंत सूचना अमरवाड़ी पिकेट पर दी गई। इसके बाद घटना की सूचना पाते हिं बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार और बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन कर रहे हैं। प्रथम दृष्टि से लगता है कि यह हत्या कर लोगों को रस्सी से बांधकर डैम में फेंक दिया गया हो ।हालांकि हर पहलुओं पर पुलिस बरिकी से छानबीन कर रही है, वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। और परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है।

## देवर ने भाभी को डंडे से पीटकर किया घायल

**मारपीट की घटना को लेकर अपने देवर के विरुद्ध कार्रवाई हेतु स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देने की बात कही**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली गांव निवासी बजरंग सोनी के 24 वर्षीया पत्नी कंचन देवी को उसके देवर रंजन सोनी ने बुधवार को डंडे से पीटकर घायल कर दिया। घायल कंचन देवी का ईलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। ईलाजरत कंचन देवी ने बतायी कि मेरे पति बाहर रहकर काम करते है, इसलिए वह ससुराल में अपने छोटे-छोटे तीन बच्चों के साथ अलग रहती है, जब भी कोई सब्जी या अन्य सामान बेचने वाला पहुंचता है, तो मैं घर से बाहर निकलकर उस दुकानदार से सामान लेती हूं, तो यह बात मेरे छोटा देवर रंजन सोनी को नागवार गुजरता है। इसी बात को लेकर उसने बुधवार को मुझे डंडे से पीटकर घायल कर दिया। उसने मारपीट की घटना को लेकर अपने देवर के विरुद्ध कार्रवाई हेतु स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देने की बात कही।

## आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ पोषाहार का वितरण




**केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र मुकुंदपुर एक पर आंगनबाड़ी सेवीका अनु देवी और सहायिका गीता देवी के द्वारा लाभार्थियों के बीच पोषाहार पैकेट का वितरण किया। इस अवसर पर गर्भवती धात्री महिला और 6 माह से 3 वर्ष के बच्चों के बीच पौष्टिक आहार और पोषाहार का वितरण किया।**

## अवैध बालू का दोहन कर रहे तीन ट्रैक्टर जब्त



**गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा पुलिस ने मंगलवार की रात अवैध बालू ढुलाई कर रहे तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आयी है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी के के साहू ने बताया कि जानकारी मिली थी कि तिलदाग डुमरिया मुख्य मार्ग पर अवैध बालू उत्खनन कर तीन ट्रैक्टर से बालू ढुलाई किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लायी गयी। उन्होंने कहा कि तीनों ट्रैक्टर के मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

## आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र से आर्म्स एक्ट के मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मिली प्राप्त सूत्रों से जानकारी के अनुसार होली के दिन कार्यक्रम में अभियुक्त के द्वारा फायर किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर कांडी थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के द्वारा अभियुक्त के खिलाफ छापेमारी की गयी। छापेमारी में थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी मनदीप राम के लगभग 54 वर्षीय पुत्र राजेश्वर राम को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। इधर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि थाना कांड सं0-32/2024 के तहत सुसंगत धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त राजेश्वर राम को गिरफ्तार कर उचित अभिरक्षा में माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

# बच्चों के निवाले में सड़ा हुआ टमाटर

**ताली मध्य विद्यालय में जांच करने पहुंचे जनप्रतिनिधि से हुआ तू तू मैं मैं**

**जैसे ही पता चला कि सड़ा हुआ टमाटर का प्रयोग किया जा रहा है, शीघ्र ही ताजा टमाटर लाकर बच्चों को खिलाया : प्रधानाध्यापक सुनील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**केतार।** झारखंड सरकार विद्यालय में कई प्रकार की कल्याणकारी योजना चल रही है। पर बच्चों को सीधा लाभ नहीं मिल पा रहा है। केतार प्रखंड क्षेत्र के ताली मध्य विद्यालय में मिड डे मील में घोर अनिमियता की शिकायत पर जांच करने वार्ड सदस्य फूल कुमारी देवी पहुंची। फूल कुमारी देवी ने बताया कि जैसे ही प्रधानाध्यापक सुनील पांडे को सूचना हुआ की कोई जनप्रतिनिधि जांच करने विद्यालय पहुंची हैं, तभी झुंझलाते हुए बोले कि आप किसके आदेश पर विद्यालय में जांच करने पहुंचे? इतना कहने के बाद अपने मोबाइल से वह वीडियो रिकॉर्डिंग करने लगे। इसका परवाह किये बिना वार्ड सदस्य सहित साथ में पहुंचे लोगों ने रसोई घर में जाकर देखा कि सड़ा हुआ टमाटर बच्चों को खिलाने के लिए प्रयोग किया जा रहा है। सड़ा हुआ टमाटर देखते ही जांच करने पहुंचे लोग भड़क गये। और साथ में गये हुए लोगों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील पांडे से तू तू मैं मैं शुरू हो गया। अंत में प्रधानाध्यापक और संयोजिका कौशल्या देवी के द्वारा सड़ा हुआ टमाटर के बदले अच्छा टमाटर मंगाया।

**इस मामले में क्या कहती है वार्ड सदस्य फूलकुमारी देवी :** इस मामले में पूछे जाने पर फूलकुमारी देवी ने बतायी कि ग्रामीणों से मुझे सूचना प्राप्त हुआ की विद्यालय में मिड डे मील हो या विकास फंड का पैसा हो, सबका दुरुपयोग किया जा रहा है। यह करना बंद करे क्योंकि विद्यालय में अपने गांव के बच्चे पढ़ते है।

**क्या कहते हैं प्रधानाध्यापक सुनील पांडे :** राजकीय मध्य विद्यालय ताली के प्रधानाध्यापक सुनील पांडे से पूछे जाने पर बताया कि जैसे ही पता चला कि सड़ा हुआ टमाटर का प्रयोग किया जा रहा है, शीघ्र टमाटर को मैं चेंज करवा दिया और ताजा टमाटर लाकर बच्चों को खिलाया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में परीक्षा चल रही है। जांच टीम आने से परीक्षा प्रभावित होने के चलते सिर्फ मैं बोला की जांच करने आने से पहले मुझे सूचना देना चाहिए था।

## महिला ने क्रेशर संचालक पर छेड़छाड़ का लगाया आरोप

**शमसुदीन अंसारी मंगलवार की रात हमारे घर पर आये थे और अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगे : सैरून बीबी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत के बगहि टोला निवासी सैरून बीबी ने गांव के ही क्रेशर संचालक शमसुदीन अंसारी पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में शिकायत की, प्राप्त आवेदन के आलोक में प्राथमिक दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

थाना को दिये आवेदन में सैरून बीबी ने कहा है कि शमसुदीन अंसारी मंगलवार की रात हमारे घर पर आये थे, और अकेला देखकर छेड़छाड़ करने लगे। मेरे साथ गंदी-गंदी हरकत करते हुए गलत काम करने का प्रयास करने लगे। मेरे द्वारा विरोध करने पर मारपीट भी की। इसी बीच शोरगुल करने पर हमारा बेटा पहुंच गया। इसके बाद वह वहां से भाग गया।

# खूंटी लोकसभा में शांतिपूर्ण चुनाव कराना पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा में शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव कर लेना पुलिस प्रशासन के लिए एक चुनौती है वर्षों पूर्व माओवादियों का गढ़ माने जाने वाले तमाड़ विधानसभा में अभी भी माओवादी के सब जोनल कमांडर अमित मुंडा का दस्ता सकिय है अपुष्ट खबरों के अनुसार पिछले दिनों 25 से 30 माओवादी तमाड़ और अड़की के सुदूर जंगली

**25 से 30 माओवादी तमाड़ और अड़की के सुदूर जंगली इलाकों में भ्रमण करते देखे गये**

इलाकों में भ्रमण करते देखे गये। समय समय पर माओवादी इस इलाके में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहते हैं। इधर छत्तीसगढ़ में पिछले दिनो १३ माओवादियो के पुलिस की गोली से मारे जाने के बाद माओवादी बैखला गये है और आसन्न लोकसभा चुनाव में बडी घटना को अंजाम दे सकते हैं। पिछले पांच सालों में पुलिस की दविस ने माओवादियों के कमर तोड दिये और पुलिस के दबाव में व सरकार के आत्म समर्पण निती से प्रभावित होकर कुछ ने आत्म समर्पण कर दिए लेकिन इस इलाके के कुछ बचे खुचे माओवादी जो अभी भी संगठन में रहकर अंदर ही अंदर काम कर रहे हैं। पुलिस लाख कोशिश करने के बाबजुद उसे नहीं पकड़ पाई अब तो पुलिस भी माओवादियों को पकड़ने के लिए रूटीन वर्क करती है। चुनाव मे पुलिस प्रशासन की सक्रियता माओवादियों के लिए कारगर न हो जाए तमाड़ में पिछले चुनाव के दौरान आराहागा पंचायत में वोटर को उतारकर दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया गया था इसलिए की पुलिस प्रशासन द्वारा बुथ को बदल दिया गया था। चुनाव के दौरान खरसावां मे भाजपा के आफिस को माओवादियों द्वारा आग के हवाले किया गया था। बुंडू बारुहातु के गुलशन मुंडा व तमाड़ के तामराणा गांव के अमीत मुंडा माओवादी मारक दस्ता का सक्रिय सदस्य है झारखंड में बचे ७२ उग्रवादियों मे ये दोनों है इन दोनों पर सरकार ने १५ लाख का इनाम घोषित कर रखा है। अभी भी माओवादियों का सुचना तंत्र मजबूत है और सड़क पुल पुलिया निर्माण के कामों में आसानी से लेवी ले रहे है। इसी इलाके से तमाड़ के पुर्व विधायक व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में भी माओवादी का ही हाथ रहा है इसके अलावा इस इलाके में माओवादियों द्वारा डीएसपी प्रमोद कुमार सहित पांच पुलिस कर्मी की हत्या आईसीआईसीआई बैंक से पांच करोड़ों रुपये की लुट एक किलो सोना दो बदुक मे भी माओवादी का ही हाथ रहा है इसलिए चुनाव में पुलिस प्रशासन को व उम्मीदवार को सतर्क रहने की जरूरत है।

## खूंटी में युवती ने फंदे से झूलकर की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी थानांतर्गत महुआ टोली, साकेटोली गांव निवासी किनू मुंडा की 20 वर्षीय पुत्री सुनीता मुंडू ने अपने घर में ही रस्सी के फंदे से झूलकर खुदकुशी कर ली। बुधवार अहले सुबह जब स्वजनों की नजर फंदे से झूलती सुनीता पर पड़ी, तो आनन-फानन में उसे फंदे से उतर गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बाद में इसकी सूचना खूंटी थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई और शव का पंचनामा करने के बाद सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि प्रेम प्रसंग में युवती ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें मतदाता : लोकेश मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने बुधवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान व्यापक जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से चुनाव जागरूकता अभियान के मस्कट का औपचारिक लोकार्पण किया। उपायुक्त ने कहा कि स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि चुनाव में जिले के मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। हमारे देश का प्रजातंत्र तभी मजबूत होगा, जब मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। इसके अलावा

**सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी**

सभी को वोटर हेल्पलाइन ऐप और निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गयी कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# गुरु-शिष्य का रिश्ता हुआ कलंकित, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**चौका।** सरायकेला-खरसावां जिले के चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंटी से जहां एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। मामला पुलिस तक पहुंची है। बताया जा रहा है कि एक प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा विद्यालय के दो नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की जाती हैं। इसके चलते दोनों ही छात्रा कुछ दिनों से विद्यालय जाना बंद कर दी थी। परिवार के सदस्यों द्वारा बार-बार विद्यालय नहीं जाने का कारण पूछा गया तो दोनों छात्रा पहले फुट फुटकर रोई, उसके बाद पूरा मामला बताया। विद्यालय के शिक्षक की काली करतूतों को जानने के बाद दोनों ही छात्रा के परिवार के सदस्यों ने खूंटी पंचायत के मुखिया एवं ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी। वहीं, परिजनों ने चौका थाना में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। संवेदनशील विषय को देखते हुए चौका पुलिस ने मामले की जानकारी एसआई मनीष टोप्पो को दी, जिसपर एसपी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी के निर्देश पर महिला पुलिस अधिकारियों एवं चौका थाना प्रभारी ने मामले की जांच शुरू की है। पुलिस ने संबंधित विद्यालय जाकर भी जांच की और आरोपी शिक्षक की तलाश की। लेकिन, पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी शिक्षक फरार हो गया है।

बताया जा रहा है कि शिक्षा विभाग के ही कुछ पदाधिकारी और कर्मी आरोपी शिक्षक को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। जब ग्रामीणों ने संबंधित विद्यालय के अन्य शिक्षकों से मामले की जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कहा कि पूरी रिपोर्ट शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गयी हैं। उधर, शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच करने की बात कही है। कहते हैं गुरु और शिष्य का रिश्ता दुनिया का सबसे बड़ा और अनमोल रिश्ता है। लेकिन जब समय समय पर यह रिश्ता कलंकित हो जाता है तो समाज भी शर्मसार हो जाता है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत ईचागढ़ प्रखंड में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही आंगनवाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया ने ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतान्त्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।साथ ही उन्होंने शपथ दिलाई गयी कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी ने पिपरवार थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**

# पुलिस के अभियान से आम जनता को हो रही परेशानी से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी ने बुधवार को पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से पिपरवार थाना द्वारा थाना क्षेत्र के अलावे कालोनी मे किये जा रहे मोटरसाईकिल चेकिंग में आम जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया। मुखिया रीना देवी ने कहा कि कॉलोनी में वाहन चेकिंग अभियान होने से कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। विगत दिनों हो रहे वाहन चेकिंग अभियान से लोगों को परेशानी एवं व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। सब्जी, दुध, दवा आदि सामाग्री खरीदने में दिक्कत आने लगी है। बच्चे को स्कूल लेकर जाने में भी परेशानी हो रहे है। कहा कि सबसे ज्यादा परेशानी जुमार्ना देने मे हो रही है। बिना कागजात एवं बिना हेलमेट के पकड़े गये वाहनों का जुमार्ना चतरा में जमा लिया जा रहा है। ऐसे में बचरा के लोगों को करीब 80-85 किलोमीटर लंबी दूरी तय कर जुमार्ना देने के लिए चतरा जाना पड़ रहा है। समस्या सुनने के बाद पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने लोगों की परेशानियों को देखते हुए सकारात्मक पहल करने व चेकिंग मे नरमी बरतने का आश्वासन दिया।

# 92 लाख रुपये का अवैध अफीम-डोडा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के मारंगहादा में छिपा कर रखे गये 92 लाख रुपये से अधिक कीमत के 617 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी 26 बटालियन वाई कंपनी हूंट और मारंगहादा थाना की पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मारंगहादा के लांदुप गांव में मंगलवार को अभियान चलाकर एक चट्टाननुमा खलिहान से 42 बोरों में भरकर रखे गए 617 किलोग्राम अवैध अफीम का डोडा बरामद किया। बरामद अफीम डोडा को जब्त कर लिया गया है। साथ ही मारंगहादा थाने में मामला दर्ज कर अनुसंधान और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक को मंगलवार की शाम वहां अफीम डोडा छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसएसबी 26 बटालियन वाई कंपनी के निरीक्षक मृत्युंजय कुमार और मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। छापामार टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जब वहां छापामारी की, तो पुलिस को यह सफलता मिली। बताया गया कि बरामद अफीम डोडा का मूल्य एनसीबी द्वारा अनुमोदित दर के आधार पर लगभग 92 लाख 55 हजार रुपये है। छापामार टीम में मारंगहादा थाना के एएसआई कृष्ण कांत मेहता सहित मारंगहादा थाना और एसएसबी 26 बटालियन वाई कंपनी हूंट के सशस्त्र बल कें जवान थे।

## राहे में 80 लीटर महुआ दारू जब्त,1500 किलो जावा नष्ट



**राहे (आजाद सिपाही)।** एसएसपी रांची ओर ग्रामीण एसपी के निर्देश में बुंडू डीएसपी रितभान सिंह के देखरेख में राहे थाना अंतर्गत सिरिडीह, कपीडीह, उरांवडीहओर फुलवार गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी किया गया है, जिसमें 80 लीटर देसी शराब को जप्त किया गया है तथा 1500 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया है। इस क्रम में शराब बनाने बाला उपकरण को भी जप्त किया गया है। अवैध दारू बनाने के नौ व्यक्ति के विरुद्ध आईपीसी और उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज की गयी है। छापेमारी दल में शामिल थाना प्रभारी फैज रब्बानी, एसआई पिंटू कुमार, सैफ एसआई उमाकांत सिंह, अजय सिंह ,सहित सैफ के जवान मौजूद थे।

## खूंटी में खुलेगा स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर, एक सौ खिलाड़ी पायेंगे नि:शुल्क प्रशिक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला प्रशासन की पहल पर जिले में उत्कर्ष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स परियोजना के अंतर्गत स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर का संचालन किया जायेगा। इसके अंतर्गत फुटबॉल, हॉकी और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा। एथलेटिक्स में दौड़, हाई जंप, लॉग जंप, शॉटपुट थ्रो, जेवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क और आवासीय होगा। इसमें पूरे जिले से एक सौ प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत पहले चरण के ओपन ट्रायल का आयोजन 10 फरवरी से आठ मार्च तक जिले के विभिन्न सकुलों में किया गया था। पहले चरण में सफल बच्चों के लिए दूसरे ट्रायल का आयोजन खूंटी के बिरसा मुंडा फुटबॉल ग्राउंड में पांच अप्रैल को लड़कियों के लिए और और छह अप्रैल को लड़कों के लिए आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी विज्ञप्ति में दी गयी।

## वृद्ध मतदाताओं को मतदान के लिए किया गया जागरूक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं ने वृद्ध जनों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वृद्ध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में चेक किया गया।

# सरहुल पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** तमाड़ प्रखंड अंतर्गत पुंडीदिरी में आदिवासी मुंडा समाज द्वारा सामुहिक महापर्व सरहुल पर्व हर्षोल्लास के साथ बुधवार को मनाया गया। हाई कड़कम, कटाब में सरहुल पूजा, सखुआ डाली गाड़कर प्रकृति पूजा कर पुष्प एवम पाहन पुरन मुंडा द्वारा प्रसाद वितरण किया गया एवं महिला पुरुष द्वारा अपने आदिवासी परिधान में नृत्य करते हुए सरहुल पर्व को मनमोहक बनाया गया। सरहुल पर्व में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर वा दामयंती मुंडा उपस्थित थे। मौके पर वकताओ ने कहा कि सरहूल पर्व आदिवासियों का महत्त्व पूर्ण पर्व है यह पर्व आदिवासी नववर्ष के रूप में मुंडा आदिवासी लोग मानते है। यह वर्ष आदिवासियों के खुशहाली समृद्धि लाए। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह मुंडा मुखिया विश्व भूषण सिंह मुंडा हरी मुंडा सुशिल मुंडा लखीचरन मुंडा नंदकिशोर मुंडा जीतेश मुंडा हीरादश सुधीर दास अशोक दास एतवा मुंडा सहारमानी मुंडा कनक मुंडा कन्हाई मुंडा दीपू गुप्ता भागीरथ मुंडा श्रवण मुंडा दीपक मुंडा दिना मुंडा बंटी मुंडा बुधन मुंडा राजेन मुंडा आदि सैकड़ो महीला पुरुष उपस्थित थे।

## सिस्टा ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान सिस्टा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने फूलों का गुलदस्ता देकर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का स्वागत किया,साथ ही पौधा देकर उन्हें सम्मानित किया। इस मुलाकात के दौरान सिस्टा के प्रतिनिधियो ने थाना क्षेत्र मे बेहतर पुलिसिंग सेवा, नियमित गश्ती व पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने को लेकर विचार विमर्श किया। साथ ही थाना क्षेत्र मे विधि एवं कानून व्यवस्था बहाल रखने मे हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। वही थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने भी सिस्टा के प्रतिनिधि मंडल से पुलिस को सहयोग करने और किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।इस शिष्टाचार मुलाकात में मुख्य रूप से कामेश्वर राम, बाबूलाल राम, रमेश राम, उमेश मेहता, संतोष राम, जेम्स उरांव, बसंत कुमार, देवनाथ राम, हिमांशु चाटर, अनिल कुमार,रविंद्र महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## सर्वाधिक वृक्षारोपण के लिए मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी शाखा को किया गया सम्मानित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी युवा मंच की खूंटी नगर शाखा को सर्वाधिक वृक्षारोपण के लिए सम्मानित किया गया है। रांची में बुधवार को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित 22वें प्रांतीय महासम्मेलन एवं लघु अधिवेशन में शाखा के अध्यक्ष अंकित पिपुरिया, सचिव मुकुल पिपुरिया, कोषाध्यक्ष अखिल सरावगी, राजेश मिश्रा और संदीप पिपुरिया ने पुरस्कार ग्रहण किया। सम्मेलन में झारखंड की सभी शाखाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। मंच की खूंटी नगर शाखा के अध्यक्ष अंकित जैन ने बताया कि खूंटी नगर शाखा को अधिवेशन में सर्वाधिक वृक्षारोपण के लिए विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मौके पर खूंटी नगर शाखा को एक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी उपलब्ध कराया गया, जिसका लाभ पूरे खूंटी जिले को मिलेगा। सचिव मुकुल पिपरिया और रक्तदान संयोजक विशाल जैन ने बताया कि मंच के माध्यम से हर माह लगभग 15 यूनिट रक्त जरूरतमंदों को उपलब्ध कराया जा रहा है। मंच समय-समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करता आ रहा है। मंच ने जिले वासियों से अपील है कि शिविर में आकर रक्तदान अवश्य करें।

# मतदान कर्मियों को दिया गया मॉक पोल और मतदान प्रक्रिया की व्यावहारिक प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यों कें सफल निष्पादन कें लिए बुधवार को विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के थीम 4 और 5 के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदान केंद्र पर पहुंचने से पूर्व, मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद और मतदान खत्म होने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा कार्य निष्पादन के संबंधित सभी प्रक्रियाओं की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो परवेज, एएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, तोरपा कुमुद कुमार झा ने मास्टर ट्रेनरों के प्रशिक्षण देने की निपुणता की जांच मौखिक टेस्ट के माध्यम से की। एएलएमटी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमुद कुमार झा द्वारा मॉक पोल के बाद मतदान समाप्ति के बाद विभन्न प्रपत्रों को भरने की बिंदुवार व्यावहारिक जानकारी दी गयी। मतदान के दौरान मतदानकर्मियों समक्ष आनेवाली विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। उक्त समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। उन्होंने मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य मतदानकर्मियों कार्य और दायित्व और प्रदत शक्तियां की चर्चा करते हुए चौलेंज वोट, टेंडर वोट, टेस्ट वोट एवं प्रॉक्सी वोट के संबंध मास्टर ट्रेनरों को बताया। इवीएम कोषांग की शोभा रानी द्वारा पीपीटी के माध्यम से मतदान केंद्र पर पहुंचने के बाद मतदानकर्मियों द्वारा की जानेवाली व्यवस्था, मतदान कार्य का संचालन, आवश्यकता पड़ने पर मॉक पोल व वास्तविक मतदान के दौरान इवीएम को बदलना, पोलिंग के दरम्यान बरती जाने सावधानियां, मतदान समाप्ति के बाद विविध प्रपत्रों एवं इवीएम को सिलिंग के तरीके सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इवीएम के विविध घटकों की कार्य प्रणाली की जानकारी देते हुए संयोजन भी जानकारी दी गयी तथा हैंडस ऑन कराया गया। डिस्पैच सेंटर से बूथ के लिए प्रस्थान करने से पूर्व मतदानकर्मियों के कार्य एवं दायित्व से अवगत कराया गया।

## भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का लिया गया निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित पिपरवार विकास समिति के क्षेत्रीय कार्यालय में कोल इंडिया एससी/एसटी इम्प्लाईज एसोसिएशन सिस्टा की एक आश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता रमेश राम एंव संचालन क्षेत्रिय सचिव कामेश्वर राम ने किया। बैठक मे सबसे पूर्व सिस्टा के संस्थापक राजमुनि राम के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख प्रकट किया गया। बैठक मे दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 14 अप्रैल को बचरा मे संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बचरा चार नंबर स्थित अंबेडकर चौक में जयंती समारोह का आयोजन करने पर सहमति बनी।

## डीसी-एसएसपी ने बेड़ो प्रखंड कार्यालय में की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए दें यूनिक आइडिया

### सभी पोलिंग बूथ में रहनी चाहिए बिजली व पानी की पर्याप्त व्यवस्थाः उपायुक्त

### समय पर ड्यूटी पर नहीं रहने वाले पुलिसकर्मियों-पदाधिकारियों पर होगी कार्रवाई : एसएसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा व एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक की। इस दौरान लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के बेड़ो प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए चुनाव ड्यूटी में तैनात सेक्टर पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी और निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी व कर्मियों के साथ विचार विमर्श किया और रणनीति तैयार की गई। डीसी ने कहा कि रांची स्थित मोराबादी से मतदान कर्मी और सुरक्षा बल मत पेटियों के साथ सीधे मतदान केंद्र तक जाएंगे। मतदान केंद्रों पर ही मतदान कर्मियों और सुरक्षा बल रात में विश्राम करेंगे। डीसी ने बेड़ो के सभी सेक्टर पदाधिकारियों से भवन की स्थिति, बुनियादी सुविधा, पहुंचने का समय रुट चार्ट आदि की जानकारी लेते हुए उन्हें सभी आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान सबसे अधिक बिजली पानी की समस्या प्रकाश में आई। जिसपर बैठक में उपस्थित शिक्षा विभाग के बीइइओ व पीएचइडी के अभियंता को पोलिंग बूथ में बिजली पानी की व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सुविधाओं और सुरक्षा के लिए बीडीओ व सीओ को सभी मतदान केंद्रों का पुनः विश्लेषण करने का निर्देश दिया। बूथों का भ्रमण करते हुए डिस्पैच सेंटर से लेकर बूथ रुट तक रूट मैप तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही मतदान केंद्रों पर दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों पर बिजली, शौचालय साफ-सफाई, रैम्प का कार्य पूरा करने का बीडीओ व सीओ को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में पिछले चुनाव में वोटिंग प्रतिशत कम रहा हो वैसे स्थान पर वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जाए। वहीं, एसएसपी ने क्रिटिकल और नॉन क्रिटिकल मैपिंग करने, मतदान केंद्र पर पहुंचाने के लिए रूट चार्ट तैयार करने एवं गश्ती दल गठित करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस अधिकारियों को समय पर उपलब्ध रहने का दिशा निर्देश। साथ ही चेतावनी दी कि समयानुसार ड्यूटी पर नहीं रहने वाले पुलिसकर्मियों और पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ मतदान कर्मियों को ले जाने के लिए ग्रामीण सड़क, पुल-पुलिया के बारे में जानकारी ली। जहां बस नहीं जा सकती वहां छोटे-छोटे वाहनों से मतदान कर्मियों को पहुंचाया जाएगा। बीएलओ को मतदाता सूची में गड़बड़ी, नए लोगों के नाम जोड़ने में विसंगतियों को जल्द दूर कर जमा करने का निर्देश दिया गया।

डीसी ने स्वीप संबंधी कार्यक्रमों के तहत मतदान करने के लिए मतदाताओं को यूनिक (अद्वितीय विचार) इनोवेटिव कार्य योजना बनाकर प्रेरित करने का निर्देश दिया। दुकानदारों व बाजार में जागरूकता कार्यक्रम के साथ स्कूली बच्चे द्वारा अपने अभिभावकों को पोस्टकार्ड में पत्र लिखकर वोट देने के लिए प्रेरित करेंगे।




लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक में उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा व अन्य। निरीक्षण करते अधिकारी।

### सुरक्षा बलों को कोई परेशानी बूथों पर ना हो, इसे लेकर विशेष निर्देश दिये

**डीसी व एसएसपी ने प्रखंड के चचकोपी गांव स्थित आइटीआई भवन व चचकोपी गांव के राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के बूथ संख्या 212 निरीक्षण किया। इस क्रम में बूथों पर सारी जरूरी व्यवस्थाओं को देखते हुए कहा कि चुनाव के समय जो भी फोर्स यहां रुके उनके लिए बूथों पर जरूरी सभी आवश्यक सेवा सुनिश्चित रूप से होना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की समस्या ना हो। सभी संबंधित अधिकारी यह पहले से ये देख ले की बूथों पर सभी आवश्यक सेवा ससमय उपलब्ध रहें।**

## अच्छे कर्म करें, फल की चिंता ना करें: ब्रह्म राव




आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कोलांबी चिपरा रोड़ स्थित सांदीपनि विद्यालय में बुधवार को कक्षा नर्सरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के बीच सीबीएसई की निःशुल्क पुस्तकें व एक जोड़े जूते का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था शांति उपेंद्र फाउंडेशन ऑफ इनीशिएटिव के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान संदीपनि विद्यालय में नामांकित 150 छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनजाति विभाग सह अखिल भारतीय विद्या भारती मंत्री ब्रह्मा राव के अलावा अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री विनीता इंद्रवार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्रह्मा राव ने कहा कि भारतीय संस्कृति और धर्म के हर आदर्श के बारे में अध्ययन करें। हमारे आदर्श मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन और उनके मार्गदर्शन से सीख लें। अच्छे कर्म करों, फल की चिंता ना करें। क्योंकि फल भगवान देंगे। वहीं, विनीता इंद्रवर ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अग्रिम भूमिका निभाती है। आदर्श शिक्षा देना विद्यालय की पहली प्रथामिकता होनी चाहिए। निदेशक संजय कुमार ने कहा कि हमारा विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को आध्यात्मिक के साथ ही आधुनिक ज्ञान भी प्राथमिकता के साथ देता है। सभी पिछड़े वर्ग को शिक्षा से जोड़कर ही हम राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। प्राचार्य रूपा कुमारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को निःशुल्क सीबीएसई की पुस्तक एवं जूते के वितरण के लिए ट्रस्ट- शांति उपेंद्र फाउंडेशन ऑफ इनीशिएटि द्वारा प्रोफेसर चंद्रभूषण शर्मा ने आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर अभिभावक मोहन महतो, समाजसेवी बिहारी पांडे, गंगाधर महतो, उप प्राचार्य उषा कुमारी, शिक्षिका बेली कुमारी, शोभा खलखो, दीपिका, रीमाकुमारी, निशा कुमारी और सावित्री आदि उपस्थित थीं।

## लाभुक को मिली 10 लाख की बीमा राशि




**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) नगड़ी शाखा में बुधवार को स्टार यूनियन डाईची के बीमा योजना के तहत लाभुक को राशि सौंपी गई। वरीय शाखा प्रबंधक पास्कल लेओ होरो, मैनेजर भूनंदन भगत, स्टार यूनियन डाईची के पराग आनंद की उपस्थिति में स्टार यूनियन डाईची के बीमा योजना के तहत डोका टोली निवासी दिवंगत प्रदीप कुमार महतो की पत्नी किरण देवी, उनकी दो पुत्री पल्लवी भारती, पूजा कुमारी और एक पुत्र ऋतिक राज निवासी की मौजूदगी में बीमा राशि 10 लाख रुपये का बीमा राशि का भुगतान किया गया। शाखा प्रबंधक पास्कल लिओ होरो ने बताया कि दिवंगत प्रदीप कुमार महतो ने अपने जीवन काल में स्टार यूनियन डाईची में निवेश किया था। उन्होनें प्रथम किस्त के रूप में शाखा में एक लाख रुपए जामा किया था। इसी बीच 12 फरवरी को उनका निधन हो गया था। इसी के आधार पर बीमा के तहत उन्हें 10 लाख रुपये का चेक उनके परिजनों को सौंपा गया।

## बजरंग बली मंदिर निर्माण को लेकर हुआ भूमि पूजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कारुम गांव में बजरंगबली मंदिर निर्माण को लेकर बुधवार को भूमि पूजन किया गया। पुजारी सुरेश देवघरीया की देखरेख में कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर निर्माण होने से सभी को सहुलियत होगी। मौके पर कृष्णा कुमार, जयदेव साहू, देवानंद साहू, सुवाश बाउरी, जयवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## माचिस मांगने को लेकर हुए विवाद में की थी हत्या, 48 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** विगत एक अप्रैल की रात को माचिस मांगने को लेकर हुए विवाद में हुई हत्या में शामिल आरोपित तालिब अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तालिब अंसारी इटकी का रहनेवाला है। गौरतलब हो कि सकरपदा में विगत दिनों चाकू मारकर दो व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल किया गया था। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इस संबंध में माण्डर थाना में कांड दर्ज किया गया था। घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया था। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे के भीतर हत्याकांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे घटनास्थल पर छुटे जूता के आधार पहचान कर पकड़ा गया। उसने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि एक अप्रैल की रात में वो माचिस मांगने के लिए मृतक के घर गया था वहीं मृतक और उसके चाचा से झगडा हो गया। उसने दोनों को चाकू मार दिया जिसमें सलमान अंसारी की मौत हो गई थी।

## रामनवमी की तैयारी को लेकर टाटीसिलवे महावीर मंडल की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** रामनवमी शोभा यात्रा व झंड़ा मिलन समारोह के सफल आयोजन को लेकर बुधवार की सुबह महावीर मंडल टाटीसिलवे की बैठक इइएफ मैदान में हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष बिगना महतो ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी रामनवमी पर झांकी व जुलूस को लेकर पहुंचने वाले अखाड़ाधारियों को स्वागत के साथ सम्मानित किया जाएगा। साथ ही महावीर मंडल की ओर से रामभक्तों के लिए चना, गुड़, शरबत एवं पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में मंडल संस्थापक सदस्य सुमित कुमार महतो, सचिव मनेश महतो, कोषाध्यक्ष जगदीश नायक, आकाश कुमार मिश्र, मनोज महतो, अमीत महतो, सोनाराम महतो, फलिन्द्र करमाली, संजय महतो, प्रेम नायक, माधुरी देवी, कुलेश्वर महतो, अरविंद प्रसाद आदि शामिल थे। इधर, मंगलवार रात नटराज युवक संघ महावीर मंदिर समिति लोवाडीह चौक द्वारा मंदिर प्रांगण में अध्यक्ष लीलू साहू के नेतृत्व में पूजा-अर्चना कर मंगलवारी झंडा लगाया गया। साथ ही साथ लोवाडीह चौक महावीर मंदिर से टोकी टोली लोवाडीह के हर अखाड़ों में मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जुलूस में मुख्य रुप से प्रदीप साहू, उमेश साहू, बीरु साहू, संतोष साहू, अजीत साहू, रितेश साहू, शंकर साहू, राहुल महतो, अमित राम, भरत राम, मोतीलाल, संजय, रितिक के साथ अन्य सदस्य शामिल थे।

## रुढ़ीवादी परंपरा और संस्कृति ही सरना आदिवासियों की मूल पहचान

# सरना आदिवासियों की घटती संख्या चिंता का विषयः सन्नी टोप्पो

**लापुंग के बिरमकेल नावाटोली में निकली सरहुल की भव्य शोभायात्रा, मांदर की थाप पर थिरके युवक-युवतियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर उत्साह और उल्लास के बीच लापुंग प्रखंड के बिरमकेल नावाटोली और ककरिया अंबा टोली में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बिरमकेल अखड़ा से निकाली गई शोभायात्रा में बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक सन्नी टोप्पो ने भी हिस्सा लिया। मांदर टांगकर सन्नी टोप्पो खुद मांदर की थाप पर झूमे और लोगों को भी झुमाया। इस मौके पर युवक युवतियों का समूह मांदर की थाप पर खूब थिरकीं। इस ुइवसर पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि सदियों से सरना आदिवासी प्रकृति पूजक रहे हैं और आज भी हम प्रकृति की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने धार्मिक और सांस्कृतिक सहित सामाजिक रीति-रिवाज, परंपरा एवं संस्कृति के रूप में हमें बहुमूल्य धरोहर सौंपा है। उनके सभी धरोहरों को हमें सहेजना और बचाना है। हमारी रुढ़ीवादी परंपरा ही हमारी असली पहचान है। उन्होंने कहा कि सरना आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आ रही है। पहले हमारी संख्या झारखंड में 32 प्रतिशत थी, जो धीरे-धीरे घटकर 26 प्रतिशत हो गई है। सरना आदिवासियों के खिलाफ गहरा षड्यंत्र के कारण और खासकर धर्मांतरण के कारण हमारी संख्या में कमी आई है। हमें हमारी रुढ़ीवादी परम्परा, हमारी मूल संस्कृति, पुराने रीति-रिवाज, भाषा, वेश-भूषा ही हमारी रक्षा कर सकती है। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने भी अपनी बातें रखीं। इस मौके पर सरना पंरपरा के अनुसार अतिथियों का पैर धोकर, आम्रपल्लव से पवित्र जल से छिड़काव कर व सरई फूल भेंट कर सम्मानित किया। गुलाल लगाकर एक-दूसरे को सरहुल की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मांदर की थाप पर हर कोई थिरक उठा। इस मौके पर जितेंद्र पाल सिंह, रोहित कुमार सिंह, रंजन गुप्ता तथा पवन कुमार साहु ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं नेतृत्व सरहुल पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय लकड़ा और संचालन सचिव बंधना भगत ने किया। इसके पूर्व गांव के अखड़ा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की अगुवाई पहान जयमसीह मुंडा, कोषाध्यक्ष रतन मुंडा, पईनभरा चारो उरांव, सुरेंद्र उरांव, अजय लकड़ा, राजेश टोप्पो, संदीप उरांव, बुधनाथ मुंडा, सोमरा मुंडा, जीदन बरला, आदित्य उरांव,जौनी धान, अनिता उराईन, सुशीला उरांव, रुथ बरला, दशमी मुंडाईन, मनीता कुमारी, कविता कुमारी, पुष्पा कुमारी, पुष्पा तिर्की, अंजना जड़िया, चांदमुनी मुंडाईन, रौशनी कुमारी, अंगनी मुंडाईन, शांति बरला, रितिका कुमारी, घुरनी कुमारी, शीतल बरला, दयानंद उरांव, प्रकाश उरांव, प्रदीप उरांव, अशोक उरांव, लालु उरांव, चम्पु उराईन आदि ने की।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## आजसू के ग्राम प्रभारी की बैठक में विभिन्न मुद्दों को लेकर की गयी चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंधुवा पंचायत अंतर्गत बुंडूबेड़ा गांव में बुधवार को आजसू के ग्राम प्रभारी की बैठक पंचायत प्रभारी शांति देवी और शैलेंद्र सिंह बिंझिया के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आजसू के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि खिजरी झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य होने के बावजूद खिजरी विधानसभा क्षेत्र विकास से अछूता दिख रहा है। कहा कि इस काम को पूरा करने के लिए आजसू तत्पर है, इसलिए एक-एक गांव में ग्राम प्रभारी और चुल्हा प्रमुख आजसू की नींव है। इस मौके पर छेदी सिंह बिंझिया, जूवेल पाहन, अनिल मुंडा, विकाश महली, बसंत होरो, राजेंद्र बिंझिया, उर्मिला लिंडा, मीना नायक, बंधनी देवी, योशोदा देवी के साथ अन्य लोग मौजूद थे।

## नवागढ़ में सरहुल मिलन समारोह को लेकर बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ आदिवासी आदर्श पंचायत में 16 अप्रैल को प्राकृतिक पर्व सरहुल पूजा के खुशी में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया जाऐगा। इसके लिए बुधवार को नवागढ़ पंचायत सचिवालय सभागार में मुखिया भुवनेशवर बेदिया की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें सरहुल मिल कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक मानकी कमख्यानरायण शाही, संरक्षक जिप सदस्य अनगड़ा राजेन्द्र शाही मुण्डा, मुखिया भुवनेशवर बेदिया, सोसो ग्राम प्रधान राजेन्द्र शाही, अध्यक्ष पंसस नवागढ़ फाल्गुनी शाही, उपाध्यक्ष सरिता देवी, सचिव संतोष बेदिया, सह सचिव जगदीश भोगता, कोषाध्यक्ष शनिचारवा बेदिया, सदस्य सोमरा मुण्डा, पंचम भोगता, दिपेन्द्र बेदिया, बिड़म्बर बेदिया, एवं प्रवक्ता दीलीप मिर्धा को बनाया गया है। इस मौके पर पंसस फाल्गुनी शाही, पंचम भोगता, जगदीश भोगता, संतोष बेदिया, महाबीर बेदिया, बिड़म्बर बेदिया, मनरतन करमाली , सुरज करमाली, अक्षय भोगता, जतरू बेदिया, शनिचारवा बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, दिलीप मिर्धा आदि उपस्थित थे।

## आइएचएम में इफ्तार पार्टी का आयोजन



**मांडर (आजाद सिपाही)।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटेल मैनेजमेंट (आईएचएम) में बुधवार को रमजान-उल-मुबारक के 23वें रोजा के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन संस्थान के छात्रों द्वारा प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार की अगुवाई में की गयी। इस दौरान ब्राम्बे, मुड़मा, मांडर प्रखंड एवं संस्थान के आसपास के क्षेत्रों के दर्जानों रोजेदार सम्मलित हुए एवं तय समय पर रोजा खोला। इससे पहले उपस्थित सभी रोजेदारों ने देश व आसपास के क्षेत्रों में अमन एवं खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान मांडर थाना प्रभारी राहुल, एमडी सोहेल, आरिफ हसन, आबिद अंसारी, अफताब आलम, इरफान अंसारी, इरशाद, संस्थान के छात्र एवम अन्य गणमान्य मौजूद रहे। संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने सभी रोजेदारों का संस्थान में उपस्थित होने के लिए अभिवादन भी किया।

## रातू हुरहुरी में दावत-ए-अफ्तार का आयोजन रोजेदारों ने मांगी देश में अमन चैन की दुआ



**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हुरहुरी पंचायत सचिवालय में बुधवार को दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। मुखिया कमल खलखो व पंचायत समिति की ओर से आयोजित इफ्तार में काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। मस्जिद से आयी आजान के बाद सभी लोगों ने संयुक्त रूप से मिलकर इफ्तार किया। इससे पूर्व पूरी दुनिया व देश में रहने वाले लोगों के लिए आपसी प्रेम, भाईचारगी, मोहब्बत, शांति, अमन और खुशहाली की दुआ मांगी गयी। कार्यक्रम में मुखिया कमल खलखो, मियांजान अंसारी,शमीम बड़ेहार, इमरान खान, गणेश महतो, सहदुल अंसारी, अफताब आलम, सिदिक अंसारी, महेश महतो, ग्राम प्रधान शैलेंद्र मुंडा, रजब अली और फिरोज अंसारी आदि मौजूद थे।

## दुर्घटना में घायल युवकों का हालचाल पूछने अस्पताल पहुंचे जन्मजय पाठक

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** जातलोया गांव में सरहुल पर्व के अवसर पर सराई का फूल खोसी करने के क्रम में सड़क पर गिरने से दो लोग घायल हो गए थे। उनकी पहचान पुसे मुंडा और सुले मुंडा के रूप में हुई है। दोनों जतालोया में सरहुल फूल खोसी करने जा रहे थे। पुसे पैदल सखुआ का फूल सूप में लेकर जा रहा था, जबकि सुले बाइक में था। जिसने पीछे से अंतुलन को जाने के बाद टक्कर मार दी। जिसमें दोनों लहूलुहान होकर सड़क गिर गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को लापुंग सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पहुंचाया गया। डॉ माधवी ने उनका इलाज किया। इसकी खबर पाकर विधायक प्रतिनिधि जन्मजाय पाठक, सुरेश साहू व दुर्गा पाइक सहित अन्य लोगों ने घायल का हाल जानने अस्पताल पहुंचे।

## पलामू की बिजली व्यवस्था को लेकर विधायक ने लिखा केंद्रीय मंत्री को पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने पलामी की लचर बिजली व्यवस्था को लेकर केंद्रीय विद्युत मंत्री को पत्र लिख है। जिसमें कहा कि विगत दिनों आए आंधी-तूफान में झारखंड के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केविए संचरण लाईन के चार टावर ध्वस्त हो जाने से पलामू के कुछ अन्य भाग में विद्युत आपूर्ति की स्थिति चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है। पारा 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित होने से जनजीवन पर पड़ने वाले कुप्रभाव की सहज कल्पना की जा सकती है। विधायक ने पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केविए संचरण लाईन के सभी क्षतिग्रस्त टावर का युद्ध स्तर पर मरम्मति कराकर यथाशीघ्र निर्वाध रूप से विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का आग्रह किया है। जब तक क्षतिग्रस्त टावर की मरम्मति नहीं हो जाती है, तब तक विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है।

## उत्पाद विभाग की छापामारी में 15 हजार किलो ग्राम जावा महुआ और 250 लीटर शराब जब्त



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन के निर्देश पर उत्पाद विभाग की ओर से बुधवार को हुसैनाबाद थाना अंतर्गत घाघरा एवं हरईया में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने कुल 15000 किलोग्राम जावा महुआ और 250 लीटर महुआ शराब बरामद किया। इस कार्य में अवैध रूप से जुड़े उमेश रजवार, हरेंद्र यादव, सनोज यादव, विजय यादव, बंडोल यादव के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि डीसी के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दृष्टगत इस तरह की छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

## सूदखोरी : बाइक गिरवी रखने के आरोप में युवक हुआ गिरफ्तार, 12 बाइक जब्त



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस की सख्ती का असर दिखने लगा है। लोगों की मजबूरी का फायदा उठाकर सूदखोरी करने एवं उनकी बाइक हड़पने के आरोप में पुलिस ने एक शातिर युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान सिराज सेख के रूप में हुई है। उसके पास से एक दर्जन बाइक जब्त की गई है। सिराज गोविंदपुर का रहने वाला है। किराए के मकान में रहकर वह गैरकानूनी तरीके से सुदखोरी का कारोबार कर रहा था। एसएसपी के निर्देश पर गोविंदपुर- निरसा पुलिस की संयुक्त एसआइटी को सफलता मिली है। जिसमें डीएसपी-1, निरसा एसडीपीओ, गोविंदपुर निरसा थानेदार, निरसा सर्किल इंस्पेक्टर समेत सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी शामिल थे। सिटी एसपी अजित कुमार ने बताया कि किसी भी शख्स की मजबूरी का फायदा उठाकर सिराज ऊंचे ब्याज पर पैसे दिया करता था और उसके बदले में उसका वाहन एवं अन्य सामग्री गिरवी रख लिया करता था। वाहनों की कागजातों की जांच हो रही है। सिराज सेख उर्फ रेहान के खिलाफ सूदखोरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लोकसभा चुनाव के दौरान लोगों में भय फैलाने की थी योजना

## माओवादी संगठन का सक्रिय समर्थक गिरफ्तार, गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन के मंसूबो को पीपरा ॅकी पुलिस ने विफल कर दिया है। इस दौरान गुप्त सूचना पर पीपरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनाही से पुलिस ने प्रतिबंधित माओवादी संगठन के एक सक्रिय समर्थक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ती जारी कर छत्तरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि पीपरा थाना क्षेत्र के ग्राम बनाही के पंकज प्रजापति अपने घर से नक्सली समर्थित बैनर बनवाकर माओवादी को देने जाने की गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद ग्राम बनाही में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पंकज प्रजापति के थैले में रखे एक लाल रंग का गमच्छा, 7 बैनर एक पैड मोबाईल फोन जब्त किया गया है। बैनर के जरिए लोकसभा चुनाव में जनता के मन में डर फैलाने की योजना थी। यह औरंगाबाद जिले के माली थाना क्षेत्र के माओवादी राजेन्द्र सिंह के कहने पर बैनर बनवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन का सदस्य होना एवं चुनाव बहिष्कार करने के लिए बैनर पोस्टर रखना संज्ञेय अपराध है। इस अभियान में एसडीपीओ नौशाद आलम, पीपरा थाना प्रभारी बीमल कुमार, एसआइ मनोज राणा और पुलिस बल शामिल हैं।



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते एसडीपीओ नौशाद आलम व अन्य।

## अलग-अलग जगहों से देशी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पांकी (पलामू) ।** रेहला पुलिस ने मंगलवार की शाम देशी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एनएच 75 पर कमता गांव के पास वाहन जांच की जा रही थी। तभी एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से बाइक से आ रहा था। पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा। पर संदेश होते ही पुलिस ने उसे घेरकर पकड़ लिया। उसकी जांच की गई तो कमर से एक देशी कट्टा के साथ ही एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। पुलिस ने उसकी बाइक को भी जब्त कर लिया। उसकी पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरटिया गांव निवासी अशोक सिंह (36) के रूप में हुई है। उस पर आयुद्ध अधिनियम के तहत रेहला थाना कांड संख्या 28/27-धारा 25 (1-बी) ए /26 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। दूसरी ओर, पांकी थाना क्षेत्र के पकरिया मोड़ खाड़ पर पुलिस ने एक युवक को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे मेदिनीनगर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक शशिकांत शर्मा तरहसी थाना क्षेत्र के कोरियाडीह का रहने वाला है। प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी ने इसकी जानकारी दी। बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पकरिया मोड़ खाड़ पर एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है, और किसी घटना के अंजाम देने के फिराक में है। इसी सूचना के आधार पर प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी के निर्देश पर पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसने छापामारी की। हालांकि पुलिस को देखते ही आरोपित भागने लगा। पर पुलिस ने उसे देशी कट्टा के साथ धर दबोचा। गिरफ्तार युवक ने 2018 में दुर्गा पूजा विषर्जन के दौरान फायरिंग की थी, जिसमें उसके पैर में ही गोली लगी थी।





अलग-अलग जगहों से पकड़े गए आरोपितों को जेल ले जाती पुलिस।

## डीसी ने की स्ट्रांग रूम व केंद्रीय बलों के आवासन में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए चिन्हित किए गये स्ट्रांग रूम व इन स्ट्रांग रूम में उपलब्ध सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में पानी, बिजली, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सुरक्षा की दृष्टिकोण से भी सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए निर्धारित परिसर, मतदानकर्मियों और सुरक्षा बलों के आवासन में प्रयुक्त होने वाले भवन में अनिवार्य रूप से रनिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें। साथ ही चार्जिंग पॉइंट पर भी बल दिया। इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के बाद डीसी ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के आवासन के लिये चिन्हित भवन, परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए जहां आवश्यकता हो वहां शौचालय निर्माण कराने की बात कही। कहा कि अगर कहीं पानी की समस्या है तो वहां टैंकर से पानी की व्यवस्था की जाए। कहीं भी शौचालय, आवास और पानी संबंधी समस्या, बिजली संबंधी समस्या हो तो उसका समय पर निराकरण किया जाए।




अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन।

## चौथी की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार/पलामू।** खैरादोहर ग्राम में एक शादी समारोह में शामिल होकर वहां से तीन नाबालिग छात्रा बुधवार तड़के तीन बजे घर लौट रही थी। तभी बाइक से आए तीन युवकों ने नाबालिका लड़कियों को पकड़ लिया। हालांकि उनमें से दो नाबालिग लड़किया किसी तरह चंगुल से छुड़ा कर वहां से भाग निकली, लेकिन चौथी कक्षा की एक नाबालिग लड़की को तीनों युवकों ने पकड़ लिया। उसका मुंह बांधकर बाइक पर बैठा लिया और जंगल की ओर ले जाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। जानकारी के मुताबिक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद आरोपी उसे सुनसान जगह पर छोड़ कर भाग गए। पीड़िता के परिजनों ने स्थानीय थाने में तीन नामजद युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिवस ने आरोपी राकेश ठाकुर (23) धर्मेंद्र सिंह (22) और शिवकुमार सिंह (25) को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना के बाद से पीड़िता सदमे में है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादवि और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बाल विवाह का मूल कारण अशिक्षा : प्रभारी प्राचार्य




### अनुसूचित जाति व जनजातियों में आज भी हो रहे हैं बाल विवाह : प्रोफेसर राज मोहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर अनुमंडल स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल के समाजशास्त्र विभाग के सेमेस्टर-4 का झारखंड के अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में बाल विवाह विषय पर आलेख-लेखन एवं परिचर्चा संपन्न हुआ। जिसमें बाल विवाह के कारण, दुष्परिणाम, उन्नमूलन, कानूनी प्रयास, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो राज मोहन ने कहा कि पलामू के सुदरवर्ती क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में अशिक्षा के कारण आज भी बाल विवाह हो रहे हैं। यह निर्वाद सत्य है कि पहले से कम हुआ है। वहीं, प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह के प्रमुख कारणों में अशिक्षा एक प्रमुख कारण है। यहां शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता लाने की जरूरत है। प्रोफेसर अमित कुमार ने ऐतिहासिक परिपेक्ष एवं इसके दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने सभी अतिथियों को आरती, रोड़ी-चंदन, पुष्प वर्षा और स्वागत गान कर सभी का स्वागत किया। राधिका कुमारी, कंचन कुमारी, रानी कुमारी, रिशु कुमारी, सच्ची गुप्ता, राधा कुमारी, युवराज आदि ने स्मरण, कविता, श्लोगन के माध्यम से रोचक और अविष्मार्निय बनाया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर सम्पन्न हुए आलेख प्रतियोगिता के परीक्षा परिणाम जारी किए गए जिसमें प्रथम-पूजा कुमारी, द्वितीय-प्रवीण कुमार ठाकुर तृतीय-वैशाली कुमारी ने स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रसस्ती प्रत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर इंदु कुमारी, प्रोफेसर सुनीता कुमारी, प्रोफेसर मुन्नी देवी, प्रोफेसर अशोक अग्रवाल, प्रोफेसर रोहित कुमार, प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह, प्रधान लिपिक योगेंद्र विश्ववकर्मा, अरविंद कुमार, पंचम कुमार, सुनील कुमार, कृष्णनंदन शर्मा सहित कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राज मोहन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राजकिशोर लाल ने किया।

## निष्कासित और निलंबित कार्यकर्ताओं की बसपा में वापसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** बहुजन समाज पार्टी से निष्कासित तीन व एक निलंबित मुख्य कार्यकर्ता को मंगलवार को सम्मान के साथ पुनः पार्टी में शामिल कर लिया गया। उक्त जानकारी बसपा के प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बुधवार को फोन पर दी है। उन्होंने बताया कि निलंबित पूर्व प्रदेश सचिव जयदेव मेहरा देवघर, निष्काषित पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि पलामू जिले के हरिहरगंज, गढवा जिला पूर्व जिला अध्यक्ष संजय कुमार गौतम और छत्तरपुर विधान सभा के पूर्व प्रभारी रामबाबू को ससम्मान बसपा में शामिल किया गया है। उक्त चारों वरीय कार्यकर्ताओं को बसपा में वापसी का निर्णय 2 अप्रैल को प्रदेश कार्यालय लोवर चुटीया रांची में बैठक के दौरान ली गई है। जिसमें मुख्य रूप से केंद्रीय राज्य प्रभारी गया चरण दिनकर, राम बाबू चिरगाइयां, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, प्रदेश महासचिव मनीष कुमार सिंह और विधाध प्रसाद की आपसी सहमति पर उक्त तीनों मुख्य कार्यकर्ताओं की वापसी कराई गई है। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ने उक्त चारों पर पार्टी की नीति और सिद्धांत का पालन करने के साथ ही संगठन विस्तार में पूर्ण ईमानदारी के साथ पार्टी हित में कार्य करने की उम्मीद जताई है। वहीं पलामू संसदीय क्षेत्र बसपा के खाते में दर्ज हो इसके लिए बूथ स्तरीय मजबूती पर बल दिया जा रहा है। दूसरी ओर, प्रमोद कुमार रवि का बसपा में वापसी पर हरिहरगंज के कार्यकताओं में एक बार फिर उम्मीद की किरण जाग उठी है। साथ ही प्रमोद कुमार रवि के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए बसपा कार्यकताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया।

# स्पोर्ट्स



चंटगांव के मैदान पर बुधवार को बांग्लादेश की टीम मैच के पांचवे दिन श्रीलंका की ओर से दिए गए 511 रन का पीछा नहीं कर सकी और 318 रन के स्कोर पर लआउट हो गई। बतातें चलें कि श्रीलंका ने पहली पारी में 531 रन बनाए थे, जबकि बांग्लादेशी 178 रह ही बना सके थे।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को हराकर टेस्ट सीरीज में किया 2-0 से क्लीन स्वीप



**चंटगांव (एजेंसी)।** श्रीलंका ने दो टेस्ट की सीरीज के दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश को 192 रन से हरा दिया। चंटगांव के मैदान पर बुधवार को बांग्लादेश की टीम मैच के पांचवे दिन श्रीलंका द्वारा दिए गए 511 रन के लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी और 318 रन पर ही ऑलआउट हो गई। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। टीम ने पहली पारी में 531 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश पहली पारी में 178 रन ही बना सका। दूसरी पारी में लीड के साथ श्रीलंका ने 7 विकेट पर 157 रन बनाकर पारी घोषित की और बांग्लादेश को 511 रन का टारगेट दिया। बांग्लादेश चौथी इनिंग्स में 318 रन पर ऑलआउट हो गया और मैच हार गया। इसी के साथ श्रीलंका ने बांग्लादेश पर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर दिया। पहला मैच श्रीलंका 328 रन से जीता था। श्रीलंका की ओर से 25 साल के ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली इनिंग्स में नाबाद 92 रन बनाए। वहीं, दूसरी पारी में टीम को 3 विकेट दिलाए।

### दूसरी पारी में बल्लेबाजी शानदार, लेकिट लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी बांग्लादेशी टीम

**बांग्लादेश ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 318 रन बनाए। हालांकि टीम लक्ष्य का पीछा नहीं कर सकी। ओपनर नहीं चले, लेकिन मिडिल ऑर्डर मोमिनुल हक 50 रन, शाकिब अल हसन 36 रन बना कर आउट हुए। वहीं, मेहदी हसन मिराज ने नाबाद 81 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से पेसर लहिरू कुमारा को 4 विकेट मिले। वहीं, कामिंडु मेंडिस को 3 विकेट हासिल हुए। प्रभात जयसूर्या को 2 और विश्वा फर्नांडो को 1 विकेट हासिल हुआ।**

### बांग्लादेश के बैटर्स पहली पारी में फ्लॉप

बांग्लादेश का कोई बैटर पहली पारी में नहीं चला। इकलौता अर्धशतक ओपनर जाकिर हसन के बल्ले से निकला। उन्होंने 54 रन की पारी खेली। टीम 178 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका के पास फॉलो ऑन देने का मौका था, जिसे उन्होंने नहीं चुना और फिर दूसरी पारी में बैटिंग करने उतरी। वहीं, पहली पारी में श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो ने 4 विकेट लिए। वहीं, विश्वा फर्नांडो, लहिरू कुमारा और प्रभात जयसूर्या को 2-2 विकेट मिले।

## एशियाई एथलेटिक्स के पदक विजेता मुरली डोप में फंसे

### गोआ राष्ट्रीय खेल के दौरान इपीओ के लिए पॉजिटिव मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरने वाले लंबी दूरी के एथलीट मुरली गावित डोप में फंस गए हैं। एशियाई चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत पदक जीतने वाले मुरली बीते वर्ष गोआ में हुए राष्ट्रीय खेल केदौरान डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से लिए गए उनके सैंपल में एरिथ्रोपोएटिन (ईपीओ) पाया गया है। मुरली ने गोआ राष्ट्रीय खेल में रजत पदक जीता था, जो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनसे छीन लिया है। मुरली के डोप में फंसने के साथ गोआ राष्ट्रीय खेल में डोप में फंसने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 26 हो गई है।

### राष्ट्रीय ओपन में भी स्वर्ण जीते थे मुरली

गोआ में 5000 मीटर में रजत जीतने वाले गावित और कांस्य जीतने वाले अजय कुमार दोनों पॉजिटिव पाए गए हैं। गावित लंबे समय तक भारतीय एथलेटिक्स दल का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत जीता था। बीते वर्ष ही उन्होंने राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स में भी इसी इवेंट का स्वर्ण जीता था। ईपीओ का प्रयोग मध्यम और लंबी दूरी के एथलीट रेस से ठीक पहले करते हैं। इससे खून में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाता जो उन्हें रेस के दौरान मदद करता है। भारतीय एथलेटिक्स में ईपीओ के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
11

## मानव अधिकार प्रोटेक्शन संगठन की बैठक, धनबाद जिला कमेटी का विस्तार



**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी के वेस्ट मोदीडीह शिव मंदिर परिसर में बुधवार की शाम मानव अधिकार प्रोटेक्शन नामक संगठन की बैठक हुई। जिसमें अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिला कमेटी का विस्तार किया गया। वहीं, अपने अधिकार के बारे में जानकारी देते हुए झारखंड प्रमंडल के अध्यक्ष कृष्णनंदन सिंह ने कहा कि जब लोगों को न्याय नहीं मिलता है तब वे हताश हो जाते हैं। तब यह संगठन उसे न्याय दिलाने में मदद करता है। इस दौरान जिला व क्षेत्र के लिए कमेटी का विस्तार कर पवन कुमार को धनबाद जिला संगठन सचिव, अजय कुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष, रोमी बत्रा को तेतुलमारी महासचिव सुनील सिंह को तेतुलमारी का अध्यक्ष, अनिल भारद्वाज को तेतुलमारी सचिव, बिट्टू कुमार सिंह जिला संगठन सचिव, सचिन मिश्रा और रवि मिश्रा को तेतुलमारी का उपाध्यक्ष बनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष मनीष सिंह, झारखंड प्रदेश प्रमंडल अध्यक्ष कृष्णा सिंह, झारखंड प्रदेश प्रमंडल महासचिव कौशिक मिश्रा, झारखंड प्रदेश प्रमंडल सचिव अजय कुमार सिंह सहित धनबाद जिला प्रभारी बालेश्वर प्रसाद मौजूद थे।

### एमसीसी का पालन करते हुए मनायें रामनवमी व ईद उल फितर : डीसी

# डीजे पर प्रतिबंध, रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक नहीं बजेंगे लाउडस्पीकर

**नए अखाड़ा दल का नहीं किया जाएगा रजिस्ट्रेशन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रामनवमी त्योहार और ईद उल फितर के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अगुवाई डीसी माधवी मिश्री ने की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अखाड़ा दल गैर राजनीतिक जुलूस निकालेंगे। जुलूस में नारा भी गैर राजनीतिक होना चाहिए। इसमें चुक होने पर जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई करेगा। अखाड़ा के आयोजन के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर संबंधित आयोजक पर सीधे कार्रवाई की जाएगी। शांति भंग होने एवं एमसीसी का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। पूरे धनबाद अनुमंडल में दंप्रसं की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा है। इसलिए वैसे आयोजन, जिसमें पांच से अधिक व्यक्ति शामिल होंगे, उसके लिए ईन्कोर पोर्टल पर अनुमति लेना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान केवल रजिस्टर्ड अखाड़ा दल जुलूस निकाल सकेंगे। वहीं किसी भी नए दल का रजिस्ट्रेशन जिला प्रशासन द्वारा नहीं किया जाएगा। अखाड़ा दल पुराने रूट का पालन करेंगे। सभी अखाड़ा दल अपने स्तर से पर्याप्त संख्या में कार्यकर्ताओं की तैनाती करेंगे। कार्यकर्ता जुलूस शुरू होने से अंत तक पूरी मुस्तैदी से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। डीसी ने कहा कि त्योहारों के दौरान पूरे जिले में शराब बिक्री पर रोक रहेगी। डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर बजाने पर भी पाबंदी रहेगी। कहा कि अखाड़ा दल किसी प्रकार के धारदार हथियार या वैसे शस्त्रों से करतब नहीं करें जिससे दर्शकों के चोटिल होने की आशंका है। उन्होंने त्योहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लास, सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि सभी अखाड़ा दल चुनाव आयोग के निर्देश का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जर्नादनन ने कहा कि सभी को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मानना है। उन्होंने उपद्रव करने वाले युवाओं को चिह्नित करने, उनके विरुद्ध सामाजिक कार्रवाई करते हुए, उनके संबंध में पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया। एसएसपी ने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही प्रशासन अवांछित एवं असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध क्राइम कंट्रोल एक्ट, 107, 108, 109 के तहत कार्रवाई कर रहा है। इसके बाद भी लोग नहीं सुधरेंगे तो प्रीवेंटिव अरेस्ट भी किया जाएगा। उन्होंने सभी से विशेष चौकसी बरतने,




रामनवमी और ईद-उल-फितर को लेकर शांति समिति की बैठक में उपस्थित डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी हृदीप पी जर्नादनन सहित अन्य अधिकारी।

### धारदार हथियार से करतब ना दिखायें अखाड़ा दल

कार्यकर्ताओं को मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का पालन करने, अखाड़ा दलों को अपने संबंधित डीएसपी एवं थाना प्रभारी के साथ कोऑर्डिनेट करने और परेशानी उत्पन्न करने वाले लोगों की सूची पुलिस को उपलब्ध कराने को कहा। सभी को समाज की एकता बनाए रखते हुए धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखने और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने का अनुरोध किया। बैठक में प्रदीप नारनोली, कुलदीप अग्रवाल, नागेंद्र प्रसाद सिंह, निसार आलम, संतोष कुशवाहा, महेंद्र हांसदा, राणा चट्टराज, मो अफजल खान, आनंद कुमार सिंह, मेराज खान, लक्ष्मण तिवारी, राम गोपाल भुवानिया, बैजनाथ यादव, भगत सिंह, अक्षयवर प्रसाद, एजाज अहमद, अजीत कुमार मिश्रा, मो शहाबुद्दीन, डीएन प्रसाद यादव, तारा पदो धीवर, विष्णु महतो, राजेंद्र कुमार मिश्रा, विजय शर्मा, नील मोहन मिश्रा, लाली महतो, कयुम खान सहित अन्य सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखें। जिसमें अखाड़ा दल के 11-11 सदस्यों को पहचान पट्टा देने, बलियापुर चौक पर हाई मास्ट लाइट दुरुस्त कराने, मुगमा चौक तथा अन्य कॉल बेयरिंग क्षेत्र में जुलूस के दौरान भारी वाहनों का परिचालन बंद कराने, अखाड़ा दलों द्वारा खतरनाक खेल का प्रदर्शन नहीं करने, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने, मनईटांड में आवारा सांड के आतंक से मुक्ति दिलाने, अवैध शराब की बिक्री रोकने, पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने, झरिया में वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू करने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, डीएसपी, एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## धनबाद लोकसभा केंद्र से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की ही होगी जीत : दीपा दास



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** निरसा से भाजपा के ग्रामीण जिला मंत्री दीपा दास ने पार्टी के धनबाद लोकसभा सीटे से प्रत्याशी ढुल्लू महतो के आवास पर जाकर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी 400 पार इस बार लोकसभा चुनाव में 100 फीसदी पूरी होगी। ढुल्लू महतो को इस बार धनबाद जिले की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आरोप लगाया कि आइएनडीआइए गठबंधन ढुल्लू महतो के खिलाफ भ्रामक खबर फैलाकर जनता को गुमराह करने की साजिश में जुटा हैं जबकि धरातल पर सच्चाई कुछ और ही है। धनबाद लोकसभा सीट भाजपा की है और रहेगी। विपक्षी ताकतों के भुलभुलैये में जनता इसबार नहीं फसेगी। इसबार धनबाद ही नहीं, पूरे देश में भाजपा 400 का आंकड़ा पार कर नया इतिहास रचेगी। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ढुल्लू महतो की धनबाद लोकसभा सीट से जीत पक्की है।

## सेल में पहली बार बोकारो स्टील प्लांट की भट्टी में हुआ ब्रिकेट का इस्तेमाल

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग और सेल-आरडीसीआइएस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पहली बार परीक्षण के आधार पर बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस नंबर 01 में ब्रिकेट चार्ज करने में सफलता हासिल की है। यह सेल में इस तरह का पहला प्रयोग है। आरडीसीआईएस और बीएसएल ने बोकारो स्टील प्लांट के रिटर्न सिंटर, स्लज और अन्य महीन अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग करके सफलतापूर्वक ब्रिकेट विकसित किया है। यह लोहा बनाने की प्रक्रियाओं को सस्टेनेबल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इतना ही नहीं, यह नई तकनीक इस्पात निर्माण प्रक्रिया में पर्यावरण प्रबंधन और संसाधन अनुकूलन की दिशा में एक एक अहम उपलब्धि भी है। यह परियोजना बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में सीजीएम (आयरन) आरडीसीआईएस श्री ए.के. मिस्त्री और सीजीएम (ब्लास्ट फर्नेस) श्री एम.पी. सिंह के मार्गदर्शन में कार्यान्वित किया गया है। इस सफल परीक्षण में बीएसएल के सीजीएम (सिंटर प्लांट) बीके बेहरा, सीजीएम (आरएमएचपी) धनंजय कुमार, एम रॉय, जीएम (बीएफ), आरडीसीआईएस, श्यामसुंदर, जीएम (बीएफ) बीएसएल, के मिंज, जीएम (बीएफ) बीएसएल, आदर्श गुप्ता, जीएम (एसपी), अनिल कुमार, डीजीएम(एसपी) बीएसएल, संतोष कुमार, डीजीएम आरडीसीआईएस बोकारो, मनीष माधव, प्रबंधक (बीएफ), स्मिता टोप्पो, प्रबंधक (आरडीसीआईएस बोकारो), अभिजीत दास, प्रबंधक (आरडीसीआईएस बोकारो) और आरडीसीआईएस आदि शामिल थे।

## ढोरी ग्राउंड के पास लहूलुहान मिला युवक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना अंतर्गत ढोरी ग्राउंड के पास झाड़ी में मंगलवार की देर शाम ढोरी का एक युवक खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ। स्थानीय युवकों की मदद से उसे करगली क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए तुरंत बोकारो ले जाने की सलाह दी गई। हालांकि वहां से उसे फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक श्रुति सरकार ने बेहतर इलाज के लिए बोकारो रेफर कर दिया। युवक की पहचान सेंटर कॉलोनी मकोली राहुल कुमार (21) के रूप में हुई। उसके सिर व शरीर के अन्य जगहों पर चोट लगी है। स्वजनों ने बताया कि वह (राहुल) ढोरी स्टाफ क्वाटर स्थित चौहान मोहल्ला में अपने मामा के घर पर रहता था। उसके दस्तों ने फोन कर बताया कि राहुल ग्राउंड के पास लहूलुहान अवस्था में पड़ा है। हालांकि उसकी यह हालत कैसे हुई इसका पता नहीं चल सका है।

# धनबाद में 6 अप्रैल को चलेगी हीट वेव

### कड़ी धूम में बेवजह घरों से बाहर ना निकलें: डीसी

**दोपहर 12 से तीन बजे के बीच धूप में बाहर जाने से परहेज करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने झारखंड के अलग-अलग जिलों में हीट वेव को लेकर विशेष बुलेटिन जारी किया है। इसके तहत छह अप्रैल को झारखंड के विभिन्न जिलों के साथ ही धनबाद में भी हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की गई है। इसके बाद डीसी माधवी मिश्रा ने हीट वेव के संभावित प्रभाव व उससे बचने के लिए लोगों को खासकर दोपहर 12 बजे से आपराह्न तीन बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचने की अपील की है। साथ ही पर्याप्त पानी पीने की नसीहत दी है। साथ ही हल्के रंग के ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनने, धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता या टोपी, जुते या चप्पल का इस्तेमाल करने को कहा गया है। डीसी ने कहा कि जब बाहर का तापमान अधिक हो तो बाहरी गतिविधियों से बचें। यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें। शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचे, जो शरीर को डी-हाईड्रेट करते हैं। उन्होंने उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचने और बासी भोजन नहीं करने, बाहर काम करने वालों को टोपी या छाते का उपयोग करने, सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का भी उपयोग करने की सलाह दी है। इसके अलावा हीट वेव के संभावित प्रभाव व बचाव के लिए पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ने, बेहोश या बीमार महसूस करने पर तुरंत डॉक्टर से मिलने, ओआरएस, घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करने, जानवरों को छाया में रखने और उन्हें पीने के लिए भरपूर पानी देने के साथ घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करने और रात में खिड़कियां खुली रखने के अलावा पंखे का प्रयोग करने, ढीले कपड़े पहनने और बार-बार ठंडे पानी से स्नान करने की सलाह दी है।

# विद्यालयों में अव्यवस्था देख बिफरे बोकारो डीसी, चिदरी मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** बोकारो डीसी विजया जाधव ने बुधवार को गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र स्थित दर्जनों विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे पहले चिदरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवनों के निरीक्षण के दौरान शैक्षिक पाठन-पाठन व निःशुल्क उपलब्ध कराये गये पाठ्य पुस्तिक तितर बितर होने और कक्ष के रसोई घर में अव्यवस्था को देख नाराजगी जताई और जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालय के प्रधानाध्यापक के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक गतिविधियों का संवाद किया। इसके बाद लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदान केंद्र उमवि चिदरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चतरोचट्टी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुर्कनालो, मध्य विद्यालय बडकीसिधावारा और मतदान केंद्र के क्लस्टर हरिजन आदिवासी उच्च विद्यालय तिसकोपी का भी निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों में उपलब्ध न्यूनतम सुविधा का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिया। मौके पर बोकारो एसपी, डीडीसी, अपर नगर आयुक्त, बेरमो एसडीओ एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा आदि उपस्थित थे।



## मतदाता जागरूकता रैली को किया गया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार बनर्जी ने शपथ दिलाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। रैली में कालेज के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से डोमगढ़ बस्ती होते हुए बीआईटी गेट से वापस महाविद्यालय लौटी। इसमें सुदीप पाल, प्रियंका कुमारी, उमेश कुमार मिश्रा, हर्ष सिंह, गीता कुमारी, शिवपूजन सिंह, उज्जवल सिंह, राहुल कुमार महतो, सुकुमार चक्रवर्ती, मलय मंडल, अनिल बाउरी, रुपा चक्रवर्ती, पुनम कुमारी, पूरन सिंह, गोपाल धीवर, राकेश महतो, बेबी देवी, युधिष्ठिर टुडू, भोला सिंह और जगदीश आदि उपस्थित थे।



# हैंवी ब्लास्टिंग से बस्ती में कंपन हुई पत्थरों की बरसात, आक्रोश

### जान बचाने के लिए उधर-उधर भागे लोग

**डीजीएमएस के नियमों को ताख पर रखकर उत्खनन कर रही एंटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** झरिया जयरामपुर में चल रहे सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के पेटी कान्ट्रैक्टर एंटी देव प्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना में डीजीएमएस के नियमों को ताख पर रखकर उत्खनन कर किया जा रहा है। मंगलवार की शाम हैवी ब्लास्टिंग के लोग भयभीत हो उठे। पत्थरों की बारिश के बीच जान बचाने के लिए इधर जान भागते नजर आए। परियोजना के अगल-बगल रहने वाले लोगों के घरों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरने से लोग घरों से निकाल आए और विरोध करने लगे। आक्रोशित लोगों ने आउटसोर्सिंग परियोजना का काम बंद करवा दिया। इसकी सूचना पाकर अलकडीहा ओपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रबंधन और ग्रामीण को वार्ता के लिए थाना बुलाया गया है। उधर, घटना को लेकर ग्रामीणों ने कहा कि आए दिन इस तरह की घटना हो रही है। प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जब काम बंद किया जाता है तो प्रबंधन आश्वासन देता है कि अब से इस तरह की ब्लास्टिंग नहीं होगी। उसके बाद भी हैवी प्लास्टिक शुरू हो जाती है। लोगों की मांग है प्रबंधन पहले यहां के लोगों को सुरक्षित जगह बसाये। इसके बाद ब्लास्टिंग करें। हमलोगों को परियोजना विस्तरी करने में बाधक नहीं बनना है, लेकिन यदि कोई दुर्घटना हुई तो आंदोलन किया जाएगा।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विभिन्न जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने झरिया के चासनाला, इंदिरा चौक, मोती नगर सहित विभिन्न जगहों पर चुनावी जनसंमपर्क अभिमान चलाकर बूथ कमेटी का जायजा लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा धनबाद में आतंक राज कायम करना चाहती है। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा माफिया रंगदारो को टिकट देकर लोगों- व्यापरारियों में भय कर रही है। उन्होंने कहा कि धनबाद से इस बार भाजपा का सफाया होना तय है। भाजपा प्रत्याशी विरोधियों का वध करने की बात कर रहे हैं। क्योंकि जनता ने आइएनडीआइ प्रत्याशी को जीताने का मन बना लिया है। हम कांग्रेसी उनकी चुनौती को स्वीकार करते हैं। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो की हिंसा का जवाब हमलोग लोकतांत्रिक तरीके से देंगें। मौके पर अनूप सिंह उर्फ डेविड, धर्मेंद्र सिंहम, गिरीश सिंह, राजेश सिंह, संतोष दास, बबलू मालाकार, आजाद खान, मनजीत सिंह, रंजन सिंह, मोनू सिंह, राजू दास आदि उपस्थित थे।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त-का कार्यालय, गुमला**
**(कार्मिक कोषांग)**
निर्वाचन अत्यावश्यक E-Mail –karmikakosaga@gmail.com

**आम–सूचना**

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि लोकसभा आम चुनाव–2024 के निमित मतदान दल में सम्मलित मतदान कर्मियों के द्वारा चिकित्सीय आधार पर निर्वाचन कार्य से विमुक्ति हेतु प्राप्त अभ्यावेदन की जाँच हेतु अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। प्राप्त अभ्यावेदनों एवं कर्मियों की चिकित्सीय जाँच हेतु नया समाहणालय भवन भाग–I के प्रथम तल्ल के रिक्रियेशन कक्ष में निम्न रूप से तिथि एवं समय का निर्धारण किया जाता है :–

| क्र0 | तिथि | दिन | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 15.04.2024 | सोमवार | 11.00 AM to 01.00 PM |
| 2 | 16.04.2024 | मंगलवार | 02.00 PM to 03.00 PM |
| 3 | 18.04.2024 | गुरूवार | 11.00 AM to 01.00 PM<br>03.00 PM to 04.00 PM |

ह0/–
वरीय पदाधिकारी, कार्मिक कोषांग–सह–
उप विकास आयुक्त,गुमला

PR 323553 Election(24-25).D

"सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागी"
**समाहरणालय, सिमडेगा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**–:आम सूचना:–**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 16.03.2024 से लोकसभा आम चुनाव, 2024 के निमित आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरान्त सिमडेगा जिला में 24x7 District Contact Center का अधिष्ठापन किया गया है। जहाँ हेल्पलाईन नं0 1950 (06525–225043) एवं चार Hunting Lines यथा:–1 06525–225043, 2. 06525–299921,3. 06525–299968, एवं 06525–299980 के साथ क्रियान्वित है। साथ ही, सिमडेगा जिला में एक जिला नियंत्रण कक्ष भी संचालित है, जहाँ 9608015586 एवं 100 पर आदर्श आचार संहिता अथवा निर्वाचन संबंधी व्यय के उल्लंघन के मामलों में शिकायत दर्ज करायी जा सकती है।

2. सिमडेगा जिला में आम नागरिकों के लिए चुनाव अवधि के दौरान आदर्श आचार संहिता (MCC)/व्यय उल्लंघन की रिपोर्ट करने के लिए cVIGIL एक ऑनलाइन एप्लिकेशन भी क्रियाशील है। यह सतर्क नागरिकों को आदर्श आचार संहिता/व्यय उल्लंघन की घटनाओं को देखने के कुछ ही मिनटों के भीतर लाइव रिपोर्ट देने की अनुमति देता है। कोई भी नागरिक बस एक तस्वीर क्लिक करके या एक वीडियो रिकॉर्ड करके ऐसी गतिविधि का वर्णन करेगा और उसे मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपलोड करेगा। आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से संबंधित शिकायत/सूचना अपलोड करते ही नियंत्रण कक्ष एवं उड़नदस्ता टीम द्वारा सक्रिय होकर शिकायत की जाँच एवं कार्रवाई 100 मिनट की भीतर की जायेगी।

3. जिले के समस्त नागरिकों से अपील है कि चुनाव प्रचार के क्रम में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामलों से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर/cVIGIL App पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायत पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, सिमडेगा

PR 323532 (Election)24-25*D

# बीजेडी ने द्वितीय चरण के उम्मीदवारों की सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। बीजू जनता दल ने आज दूसरे चरण के उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख नवीन पटनायक ने एक वीडियो संदेश के माध्यम से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की सूची में 27 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई है, जबकि पार्टी ने तीसरे चरण में लोकसभा के लिए 5 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है।

## विधानसभा चुनाव के लिए बीजू जनता दल ने घोषित की उम्मीदवारों की सूची

ब्रजराजनगर से अलका महांति, झारसुगुड़ा से दीपाली दास, तलसरा से बिनय कुमार टोप्पो, सुंदरगढ़ से योगेश सिंह, राजगांगपुर से अनिल बार्ला, बनाई से भीमसेन चौधरी, यशीपुर से चक्रधर हेंब्रम, उदला से श्रीनाथ सोरेन, बारीपदा से सानंद मारांडी, बडसाही से अनसूया पात्र, मोरडा से प्रतिनंदा कानूनगो, सोर से माधव धड़ा, आठमलिक से नलिनी कांत प्रधान, बिरमहाराजपुर से पद्मनाव बेहेरा, खडीयाल से अधिराज पाणीग्राही, फुलबानी से जयश्री कहंर, माहागा से अंकित प्रताप जेना तिरतोल से रमाकांत भोई, जगतसिंहपुर-प्रशांत कुमार मुदुली, भुबनेश्वर उत्तर-सुशांत कुमार राउत, एकाम्र से अशोक चंद्र पंडा, खल्लीकोट से सूर्यमणि वैद्य, आसिका से मंजुला स्वाइं, ब्रह्मपुर से रमेशचंद्र च्याउ पटनायक, पारलाखेमुंडी से रूपेश पाणीग्राही, मोहना से अंतज्यामी गमांगो और पटांगी से पांगी को पार्थी कराया। लोकसभा चुनाव के लिए बीजू जनता दल ने घोषित की उम्मीदवारों की सूची : बलांगीर से सुरेंद्र सिंह भोई, भद्रक से मंजुलता मंडल, बरगड से परिणिता मिश्र, ब्रह्मपुर से भृगु बक्शीपात्र और क्योंझर से धनुर्जय सिधु को पार्थी कराया ।

## मनोरंजन पाणिग्रही ओड़िशा के मुख्य आयकर आयुक्त बने



भूवनेश्वर। मनोरंजन पाणिग्राही ने 1 अप्रैल को ओड़िशा के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त के रूप में अतिरिक्त कार्यभार संभाला है। वह बिहार, झारखंड के साथ-साथ ओड़िशा के भी प्रभारी रहेंगे। पाणीग्राही भारतीय राजस्व सेवा के 1988-बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले उन्होंने पश्चिम बंगाल और सिक्किम का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। पाणीग्राही को उनके काम के लिए ओड़िशा में विभिन्न स्थानों पर काफी सराहना मिली है। उन्होंने ओड़िशा सरकार के संस्कृति, सूचना और जनसंपर्क विभाग के प्रशासनिक सचिव के रूप में पांच वर्षों तक काम किया है। पाणीग्राही एक वाक्पटु, साहित्यिक और संस्कृति-प्रेमी व्यक्तित्व हैं।

# आइआइटी भुवनेश्वर में ओड़िशा के इतिहास और विरासत को श्रद्धांजलि के साथ उत्कल दिवस मना

आजाद सिपाही संवाददाता





भुवनेश्वर। 1 अप्रैल 2024: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने उत्कल दिवस को भव्य तरीके से मनाया है। मुख्य अतिथि प्रो. पार्थसारथी अजय बारिक, उड़िया और अंग्रेजी साहित्य के प्रख्यात वक्ता और साप्ताहिक समाचार पत्र चिर संधान के संपादक, प्रोफेसर श्रीपाद कर्मलकर, निदेशक, आईआईटी भुवनेश्वर, प्रोफेसर राजेश रोशन दाश, डीन (छात्र मामले) और बामदेव आचार्य, संस्थान के रजिस्ट्रारइस अवसर पर उपस्थित थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रोफेसर करमलकर ने ओडिशा में अपने एक वर्ष से अधिक प्रवास के दौरान ओडिशा में अपने अनुभव का वर्णन किया। **उन्होंने कहा:** आईआईटी भुवनेश्वर राज्य के तकनीकी शिक्षा परिदृश्य को नया आकार देने पर विशेष ध्यान देने के साथ, ओड़िशा के शिक्षा क्षेत्र को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार काम कर रहा है। हाल ही में, संस्थान ने महत्वाकांक्षी 100-क्यूब स्टार्ट-अप पहल शुरू की है, जिसका लक्ष्य 100 स्टार्ट-अप तैयार करना है, प्रत्येक का मूल्यांकन रु। 2036 में ओडिशा की 100वीं वर्षगांठ तक 100 करोड़। उन्होंने कहा, इसके अलावा, आईआईटी भुवनेश्वर वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि और प्राचीन ओडिशा के इंजीनियरिंग चमत्कारों के पीछे के रहस्यों का पता लगाने के लिए प्राचीन ज्ञान संसाधनों पर शोध करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है। सभा को अपने संबोधन में, मुख्य अतिथि प्रोफेसर बारिक ने ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करके ओड़िशा की विरासत को बनाये रखने और बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भुवनेश्वर की सराहना की। विभिन्न साहित्यिक संदर्भों और काव्यात्मक अनुमानों के माध्यम से, उन्होंने विभिन्न ओडिया नेताओं के योगदान को याद किया, जिन्होंने ओडिशा को एक स्वतंत्र राज्य बनाने की दिशा में प्रयास किए। उन्होंने उड़िया भाषा और साहित्य के इतिहास का भी उल्लेख किया, जिसे प्राचीन काल से राज्य के महान साहित्यकारों ने बढ़ाया और समृद्ध किया। उन्होंने भारत की शास्त्रीय भाषा के रूप में उड़िया के महत्व और ओडिशा की समृद्ध परंपरा के अभिन्न अंग के रूप में ओडिशा की कला और संस्कृति पर जोर दिया। उत्सव में ओड़िशा पर एक प्रश्नोत्तरी भी शामिल थी। संस्थान के सदस्यों द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने इस अवसर की भावना का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। पुस्तकों का यह विशेष संग्रह, जो ओडिशा की विरासत के विभिन्न पहलुओं में है, जिसमें इसके इतिहास, कला, संस्कृति, भाषा और साहित्य शामिल हैं, 1 अप्रैल से 3 अप्रैल 2024 तक प्रदर्शित किया जायेगा। इससे पहले उत्कल दिवस की पूर्व संध्या पर आईआईटी भुवनेश्वर के उन्नत भारत अभियान (यूबीए) ने पोडा पीठ, आरिशा पीठ, रसबाली, बाजरा प्रदर्शनी-सह-बिक्री का आयोजन किया। और ओड़िशा के हस्तशिल्प जैसे पट्टचित्र उत्पाद, पिपिली चंदू, सबई घास उत्पाद, पारंपरिक कलाकृतियों के साथ घर की सजावट और गहने आदि, 31 मार्च 2024 को राज्य की समृद्ध संस्कृति और विरासत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यूबीए के तहत अपनाए गये आस-पास के गांवों के स्वयं सहायता समूहों, आईआईटी भुवनेश्वर में स्थापित स्टार्ट-अप और कलिंगा स्वराज फाउंडेशन (महिला विंग) की महिला उद्यमियों सहित 14 संगठनों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने हस्तनिर्मित उत्पादों और पाक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी-सह-बिक्री में आईआईटी भुवनेश्वर परिसर के निवासियों और संस्थान के आसपास के लोगों सहित लगभग 700 आगंतुकों की उपस्थिति देखी गयी। निदेशक प्रो. श्रीपद करमालकर ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और प्रदर्शनी में प्रस्तुत शीर्ष तीन स्टॉलों और शीर्ष तीन व्यंजनों को पुरस्कार प्रदान किए। डॉ सीमा बहिनीपति, समन्वयक, यूबीए, आईआईटी भुवनेश्वर और डॉ. मधुस्मिता दास ने टीम के स्वयंसेवकों के साथ इस कार्यक्रम का प्रबंधन किया।

# हादसा : गैस सिलेंडर फटने से पांच गंभीर, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददात



भूवनेश्वर। अंगुल गैस सिलेंडर फटने से 5 गंभीर, एक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एक ही परिवार के 6 सदस्यों को बचाया और जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया। 3 लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें कटक बड़ा मेडिकल में स्थानांतरित कर दिया गया है। ऐसी ही एक घटना आज अंगुल जिले के तलमुल पाटना साही में घटी। रिपोर्टों के अनुसार, पाटना साही के सर्वेश्वर साहू की पत्नी सुमित्रा साहू घर में मछली पकाते समय अचानक किसी कारणवश गैस टंकी में आग लग जाती है और विस्फोट हुआ। परिवार के सुमित्रा साहू, सर्वेश्वर साहू, रंजीत साहू, बाबूला साहू और तपस्विनी साहू गंभीर रूप से घायल हो गये।

## पुलिस ने 11 लुटेरों को गिरफ्तार किया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कमिश्नरेट पुलिस ने लुटेरों के 11 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 17 सोने की चेन और 2 लाख रुपये से अधिक नकद बरामद किए गये। वे बैंकों से लौटने वाले लोगों को निशाना बना रहे थे। अपनी लापरवाही का फायदा उठाते हुए वे बाइक तोड़कर लूट लेते थे। पुलिस के स्पेशाल स्क्वाड ने राज्य और राज्य के बाहर लूटपाट करने वाले एरागोला गिरोह के 11 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। घटना की जांच जारी है। पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज भी है कि ये आरोपी किस तरह से लूटपाट कर रहे थे।

!! जय श्री राम !!
श्री श्री चैत्र रामनवमी महावीर झण्डा पूजा महासमिति
हजारीबाग (2024 - 2025)
अध्यक्ष पद के उम्मीदवार
विशाल बाल्मीकि
को क्रमाक सख्या 04
चुनाव चिन्ह स्वास्तिक छाप
पर मुहर लगा कर
सेवा करने का मौका दे ।
क्र. स. 4
स्वास्तिक
विशाल बाल्मीकि
चुनाव दिनांक 05.04.2024 (शुक्रवार)
समय : सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक

आवश्यकता
रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है
संपर्क करें -
मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,
Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex, Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

## सोआ स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट में पखाल उत्सव का उद्घाटन



भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी के आतिथ्य और पर्यटन प्रबंधन संकाय ने बुधवार को पखाल उत्सव' का आयोजन किया। पांच दिवसीय खाद्य महोत्सव का उद्घाटन करते हुए सोआ की उपाध्यक्ष सास्वती दास ने कहा कि पखाल उत्सव' का उद्देश्य पारंपरिक उड़िया व्यंजनों को लोकप्रिय बनाना है। 'पखाल', पारंपरिक उड़िया व्यंजन, जिसमें पका हुआ चावल धोया जाता है या पानी में हल्का किण्वित किया जाता है, ओड़िशा में इस व्यंजन का पारंपरिक रूप से साल भर सेवन किया जाता है, हालांकि इसे विशेष रूप से गर्मियों के दौरान इसके असंख्य स्वास्थ्य लाभों के लिए देखा जाता है। एसएचएम के डीन प्रोफेसर सुशांत रंजन चइनी ने कहा कि व्यंजनों को लोकप्रिय बनाने के लिए ' पखाल उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है, जो अमीर-गरीब बाधा को पार करने वाले हर ओडिया घर का हिस्सा है। 7 अप्रैल तक चलने वाले उत्सव के दौरान, संस्थान में आगंतुकों को प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच विभिन्न प्रकार के 'पखाल' परोसे जा रहे हैं। आगंतुकों को ओडिया संस्कृति और जीवन शैली को उजागर करने वाले वातावरण में मुंह में पानी लाने वाले कई व्यंजनों के साथ परोसा जायेगा, जिसे एक ठंडा प्रोबायोटिक कहा जाता है। 'पखाल' के कई प्रकार जैसे 'उसुना पखाल', 'अरूआ पखाल', 'दही पखाल', 'लेम्बु पखाल' और 'अदा पखाल' मेहमानों को व्यंजनों के साथ परोसे जा रहे हैं जिनमें 'फिश पत्रपोड़ा', 'चिंगुडी छेचा' , 'चूना माछ भाजा', ' चिकेन कसा', 'सुखुआ भाजा', 'पोहला भाजा', 'चिंगुड़ी झरझरी', मसरूम पत्रपोड़ा', 'आलू कलारा बाटी करी', 'आलू भाजा', 'सागा भाजा', ' बैगन भर्ता', 'गोटा भिंडी भाजा', 'पोडा टमाटर चटनी' और आम छेचा चटनी' सामिल है।

# संजय निरुपम को कांग्रेस ने स्टार प्रचारक से हटाया

### मुंबई कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष ने कहा, आज बड़ा फैसला लूंगा



आजाद सिपाही संवाददाता

मुंबई। मुंबई कांग्रेस ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष संजय निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की लिस्ट से हटा दिया। उन्हें पार्टी से निकालने की भी तैयारी है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को बताया कि उनका नाम (संजय निरुपम) स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल था। हमने उसे हटा दिया है। जिस तरह से उनके बयान आ रहे हैं, वे पार्टी विरोधी हैं। आज या कल में उन पर बिना नोटिस के कार्रवाई की जायेगी। उधर, संजय ने पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस पार्टी अपनी बची-खुची ऊर्जा और स्टेशनरी का इस्तेमाल पार्टी को बचाने के लिए करे। इसे मुझ पर खर्च नहीं करे। वैसे भी पार्टी भीषण आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। मैंने जो एक हफ्ते की अवधि दी थी, वह बुधवार को पूरी हो गयी है। गुरुवार को मैं खुद फैसला ले लूंगा।

MSME JAS-ANZ IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

# उत्कल दिवस : वेदांता एल्युमीनियम ने मनाया परंपरा और प्रगति का मिश्रण

आजाद सिपाही संवाददाता





भुवनेश्वर। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओड़िशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए और राज्य के विकास में तेजी लाने के लिए निरंतर समर्थन की पुष्टि करते हुए 89वां उत्कल दिवस मनाया। ओड़िशा में अपने संचालन के दौरान, उत्सव ने परंपरा, कला, औद्योगिक प्रगति और सांप्रदायिक कल्याण का मिश्रण प्रदर्शित किया। उत्कल दिवस ओडिशा राज्य का स्थापना दिवस है, जो वर्ष 1936 में एक अलग राज्य बन गया। झारसुगुड़ा में, दुनिया का सबसे बड़ा एकल-स्थान एल्यूमीनियम संयंत्र, प्रतिष्ठित अतिथियों पद्म श्री मित्रभानु गौंटिया, प्रसिद्ध कवि, गीतकार, और प्रतिष्ठित 'रंगबती' गीत के पीछे महाकाव्य लेखक, और प्रोफेसर अशोक कुमार दाश, संबलपुरी के एक प्रमुख विशेषज्ञ की उपस्थिति भाषा, उत्सव को चिह्नित करती है। दोनों दिग्गजों ने ओड़िशा की समृद्ध संस्कृति, इतिहास और आकांक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए 'ओड़िया अस्मिता' या ओडिया गौरव के बारे में बात की। खुले आसमान के नीचे एक शाम के स्मरणोत्सव में इन सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन किया गया, जिसके बाद मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं। मेहमानों ने पारंपरिक व्यंजनों के साथ ओडिशा के स्वाद का आनंद लिया और उत्कल दिबासा की भावना को जीवित रखते हुए सांस्कृतिक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आनंद लिया। कालाहांडी जिले में वेदांता की लांजीगढ़ इकाई, जो भारत में धातुकर्म ग्रेड एल्यूमिना की प्रमुख उत्पादक है, ने ओडिया संस्कृति के सार का जश्न मनाते हुए एक दिवसीय उत्सव मनाया। मुख्य आकर्षण में प्रसिद्ध गायिका ज्योतिर्मयी नायक द्वारा राज्य गान 'बंदे उत्कल जननी' की भावपूर्ण प्रस्तुति, पेशेवर मंडलों द्वारा मनमोहक ओडिसी और संबलपुरी नृत्य प्रदर्शन और स्थानीय समुदाय के सदस्यों द्वारा एक ऊर्जावान घुमुरा प्रदर्शन शामिल था। इस वर्ष का उत्कल दिवस समारोह ओड़िशा की प्रगति के प्रति वेदांत एल्युमीनियम की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी के योगदान में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका सृजन, कौशल विकास, खेल और कला और संस्कृति में पहल के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक विकास सहित विभिन्न डोमेन शामिल हैं, जिससे ओडिशा में लाखों लोगों को लाभ मिलता है। संगठन ने हाल ही में 49 घंटों तक चलने वाले दुनिया के सबसे लंबे संबलपुरी थिएटर प्रोडक्शन 'काउंजुरी' के मंचन का समर्थन किया। इस पहल ने न केवल पारंपरिक कला रूपों को संरक्षित किया बल्कि ग्रामीण समुदायों को समकालीन संदेश भी दिए। 100 संबलपुरी नाटकों की विशेषता वाले इस कार्यक्रम ने 4,000 दर्शकों को आकर्षित किया और आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई, जो उड़िया लोक थिएटर के इतिहास में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील का पत्थर है। वेदांत एल्युमीनियम के विकासात्मक प्रयासों से ओडिया के भीतरी इलाकों में समुदायों को लाभ मिल रहा है, जो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर राज्य की पहचान में योगदान दे रहा है। कंपनी ओडिशा के विकास की गति को बनाये रखने के लिए समर्पित है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**